आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

देखें पेज 7 ● वर्ष- 15 अंक 120- ● जबलपुर ● मंगलवार, 1 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष -6 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



## जल्द आयेगा इंकम टेक्स का नया पोर्टल




**नई दिल्ली।** रिटर्न फाइलिंग को आसान बना रहा है। विभाग टैक्सपेयर्स के लिए एक नया ई-फाइलिंग वेब पोर्टल पेश करने की तैयारी में है। इसका यूज आईटीआर दाखिल करने के साथ टैक्स से जुड़े अन्य कार्यों के लिए किया जा सकेगा। नया पोर्टल अधिक सहज और सुविधाजनक होगा। इसके लिए मौजूदा वेब पोर्टल 1 से 6 जून के बीच बंद रहेगा। इसके लॉन्च होने के बाद लोग मोबाइल से भी आईटीआर फाइल कर पाएंगे।

## एक और चीनी खतरा

# H10N3 बर्ड फ्लू का संक्रमण, दुनिया का पहला मामला

### जिआंगसू प्रांत के झेनजियांग शहर में एक 41 वर्षीय पुरुष में जानलेवा वर्ड फ्लू का संक्रमण, चीनी सरकार की पुष्टि



**नई दिल्ली।** चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने मंगलवार को जानकारी दी कि देश के जिआंगसू प्रांत में H10N3 बर्ड फ्लू का पहला मानव संक्रमण मामला सामने आया है। इसका मतलब यह है कि H10N3 बर्ड फ्लू का संक्रमण पहली बार किसी इंसान में पाया गया है। ये संक्रमण एक पुरुष में पाया गया है। जिआंगसू प्रांत के झेनजियांग शहर में एक 41 वर्षीय पुरुष में यह वर्ड फ्लू का संक्रमण देखा गया है। ऐसा माना जा रहा है कि मुर्गी पालन से यह बर्ड फ्लू फैला है और बड़े स्तर पर इसके फैलने का खतरा काफी कम है। आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर लिखे गए एक बयान के आधार पर यह जानकारी सामने आई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने कहा कि दुनिया में अभी तक H10N3 बर्ड फ्लू का मानव संक्रमण का कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। आयोग ने जानकारी दी कि 28 अप्रैल को शख्स को अस्पताल में भर्ती किया गया था। शख्स में बुखार और अन्य लक्षण देखे गए थे। एक महीने बाद यानी 28 मई को शख्स में H10N3 बर्ड फ्लू के वायरस की पुष्टि हुई है। हालांकि आयोग का कहना है कि इस वायरस का खतरा अभी उतना नहीं है। वहीं पीड़ित शख्स की स्थिति अभी सामान्य है और जल्द ही उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। वहीं शख्स के संपर्क में आए लोगों में ये संक्रमण नहीं पाया गया है। बता दें कि चीन में एवियन इंफ्लूएंजा के कई स्ट्रेन मौजूद हैं और इनमें से कुछ इंसानों को भी संक्रमित कर चुके हैं।

## वायरस की उत्पत्ति जानना जरूरी:अमेरिका

चीनी प्रयोगशाला से कोरोना वायरस फैलने की खुफिया रिपोर्ट के बीच अमेरिकी अधिकारियों ने बड़ी चेतावनी दी है। उनका कहना है कि अगर हमने कोरोना की उत्पत्ति का पूरी तरह पता नहीं लगाया तो दुनिया को भविष्य में कोविड-26 और कोविड-32 जैसी महामारी के लिए तैयार रहना होगा। अधिकारियों के मुताबिक, जानवरों से कोरोना वायरस की थ्योरी वैश्विक स्तर पर लोगों को संतुष्ट करने में नाकाम रही है। लिहाजा उस पर वायरस उत्पत्ति की जांच के लिए ज्यादा पारदर्शिता दिखाने का दवाब बनाना होगा। दरअसल, चीन के वुहान सीफूड मार्केट में वायरस मिलने के करीब डेढ़ साल बाद भी इसकी सही उत्पत्ति का पता नहीं चला है। टेक्सास के एक अधिकारी पीटर होट्ज ने कहा है, हमें कोरोना की उत्पत्ति को ठीक ढंग से समझना जरूरी है।

## पहरेदारी में अनलॉक




**भोपाल।** समूचे प्रदेश को आज से अनलॉक कर दिया गया। पहरेदारी और कुछ प्रतिबंधों के साथ व्यावसायिक प्रतिष्ठान खोलने और लोगों को आवाजाही की छूट दी है। लोग घरों से जरूरी सामान खरीदने बाजार में निकल आए हैं। बाजार खुलते ही थाना स्तर पर पुलिस भी निगरानी करने बाजारों में उतर आई है। निगरानी के लिए आला अधिकारियों के निर्देश पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए। चेकिंग प्वाइंट पर रोजाना की तरह चेकिंग की जा रही है। बाजारों में शारीरिक दूरी और मास्क पहने व्यक्ति को ही सामान देने की चेतावनी दी जा रही है।

## क्विक अपडेट



### शिक्षा मंत्री निशंक की तबीयत बिगड़ी परीक्षा पर आज फैसला खटाई में

**नई दिल्ली।** सीबीएसई 12वीं की परीक्षा होगी या नहीं, होगी तो स्वरूप क्या रहेगा? इस पर केंद्र सरकार की अहम घोषणा आज होना है, लेकिन इससे पहले शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें दिल्ली ऐम्स में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि कोरोना महामारी के बाद के असर के कारण उनकी सेहत बिगड़ी है। अभी यह साफ नहीं है कि 12वीं की परीक्षा आज होने वाली घोषणा होगी या नहीं क्योंकि निशंख घोषणा करने वाले थे।

### सेक्स रेकेट में मिलीं उजबेकिस्तान की युवतियां



**चिनहट।** यहां हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट का खुलासा पुलिस ने किया है। इस रैकेट में उजबेकिस्तान की दो युवतियों सहित दस लोग गिरफ्तार किये गये है। एडीसीपी पूर्वी एसएम कासिम आबिदी की क्राइम टीम व चिनहट पुलिस ने संयुक्त आपरेशन में यह कार्रवाई की है। पुलिस ने मौके से होटल के कुछ कर्मचारी भी दबोचे हैं। दो इलाकों में यह छापेमारी की गई है।

### बाबा रामदेव के खिलाफ डॉक्टरों ने लगाई काली पट्टी



**नई दिल्ली।** एलोपैथी चिकित्सा को लेकर बाबा रामदेव के साथ डॉक्टरों का विवाद बढ़ता ही जा रहा है। स्थिति यह है कि मंगलवार को बाबा रामदेव के खिलाफ देश भर में डॉक्टरों का प्रदर्शन शुरू हो गया है। कोरोना महामारी के बीच इस विवाद ने सरकारों को भी चिंता में डाल दिया है।

## 54 दिन बाद देश में कोरोना के सबसे कम नए केस



**नई दिल्ली।** बीते 24 घंटों में देश में कोरोना के 1,27,510 मरीज सामने आए हैं। 54 दिन बात यह आंकड़ा इतना नीचे आया है। वहीं इस दौरान 2,55,287 मरीज ठीक होकर घरों को लौटे हैं। एक दिन में होने वाली मृतक संख्या भी घटकर 3000 से नीचे (2,795) आ गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोरोना महामारी से अब तक 2,81,75,044 केस सामने आए हैं। इनमें से 2,59,47,629 मरीज ठीक हो गए हैं। मृतकों का कुल आंकड़ा 3,31,895 है। अभी इस देश में 18,95,520 एक्टिव केस है। कोरोना महामारी की दूसरी लहर लगातार कमजोर पड़ी रही है और यही कारण है कि 1 जून से कुछ राज्यों ने अपने यहां लॉकडाउन में छूट दी है। दिल्ली में 31 मई से ही अनलॉक की प्रक्रिया शुरू हो गई, वहीं 1 जून से मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और मुंबई में नियमों में छूट मिल गई। मध्य प्रदेश में कोरोना कर्फ्यू 15 जून तक जारी रहेगा लेकिन कर्फ्यू में छूट दे गई है। भोपाल में शाम छह बजे तक खुल सकेंगी हार्डवेयर, इलेक्ट्रिकल्स, बिल्डिंग मटेरियल की दुकानें। वहीं रात आठ बजे से नाइट कर्फ्यू रहेगा। वहीं इंदौर में भी कोरोना कर्फ्यू में ढील देते हुए 1 जून से अनलाक की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले अनलाक में निर्माण कार्य, सार्वजनिक परिवहन को शुरू किया जा रहा है। साथ ही किराना व ग्रोसरी, कृषि उपयोग में आने वाले उपकरण, चश्मे, निर्माण सामग्री, बिजली उपकरण आदि कारोबार की दुकानें शुरू की जा रही हैं। इसी तरह 1 जून से यूपी के 61 जिलों में अनलॉक की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राजधानी लखनऊ, गौतमबुद्धनगर समेत 14 जिलों में कोरोना कर्फ्यू से कोई राहत नहीं मिलेगी। इन जिलों में पहले की तरह स्कूल और कोचिंग संस्थान बंद रहेंगे।

## यह कोरोना की तीसरी लहर की दस्तक तो नहीं ?

# अहमदनगर में 9928 बच्चे कोरोना संक्रमित, बढ़ी चिंता



**अहमदनगर।** महाराष्ट्र में कोरोना की तीसरी लहर दस्तक देती नजर आ रही है। अहमदनगर में मई में 9,928 बच्चे कोरोना संक्रमित पाये गए हैं। सिविल सर्जन सुनील पोखरना ने कहा, कुल पॉजिटिवी रेट में वृद्धि के कारण बच्चों की पॉजिटिविटी रेट में वृद्धि हुई है। अप्रैल में 7,760 बच्चे कोरोना संक्रमित पाये गए थे, हालांकि कोई गंभीर मामला सामने नहीं आया था। लेकिन प्रशासन के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ने लगी है। बता दें कि इस बारे में वैज्ञानिकों का मत है कि कोरोना की तीसरी लहर बच?चों के लिए बेहद घातक साबित होगी।

राज्य सरकार लगभग 2 माह से तीसरी लहर से मुकाबले की तैयारियों में लगे होने का दावा कर रही थी। बच्चों में तेजी से बढ़ रहे संक्रमण को देखते हुए सांगली समेत कई जिलों में बच्चों के लिए स्पेशल कोरोना वार्ड तैयार किए जा रहे हैं। अहमदनगर में अचानक इतने अधिक मामले सामने आने से प्रशासन की चिंता बढ़ गई है, जिला प्रमुख राजेंद्र भोंसले ने भी चिंता व्यक्त की है। ज्ञात हो कि इससे इससे पहले बच्चों में संक्रमण के ज्यादा मामले राजस्थान में दर्ज किए गए थे।

### गिलोय हो सकती है राष्ट्रीय औषधि घोषित

यह खबर राहत भरी है कि विभिन्न प्रकार के संक्रमण रोकने में कामयाब साबित हो चुकी गिलोय राष्ट्रीय औषधि घोषित हो सकती है। केंद्र सरकार ने गिलोय को गुणों से भरपूर माना है। गिलोय अनेक अलग-अलग बीमारियों में लाभदायक है। सभी राज्यों में इसका प्रचार प्रसार करने की केंद्र ने रणनीति तैयार की है। इसके गुणों को लेकर विभिन्न राज्यों में 30 से अधिक शोध करने की तैयारी की है। आयुष मंत्रालय ने एक आरटीआइ में गिलोय को राष्ट्रीय औषधि घोषित किए जाने के प्रयासों के बारे में पूछे जाने पर यह जानकारी दी है। पौराणिक कथाओं में गिलोय का उल्लेख मिलता है। जिसमें कहा गया है कि गिलोय के गुण, अमृत के समान हैं। यह बात भी साबित हो चुकी है कि गिलोय अलग-अलग बीमारियों में लाभदायक है। इसे आयुर्वेद, होम्योपैथी और प्राकृतिक चिकित्सा के रूप में उपयोग किया जा रहा है। कोराना काल में भी गिलोय राम बाण साबित हुई है। अनेक लोगों ने गिलोय को इस दौरान आजमाया है।



## जबरन शादी करना चाहती थी बीमार गर्लफ्रेंड, ब्वायफ्रेंड ने इंजेक्शन लगाकर मार डाला

**मुंबई।** नवी मुंबई में एक शख्स ने अपनी गर्लफ्रेंड को केटामाइन का इंजेक्शन लगाकर जान से मार डाला। आरोपी ने बताया कि युवती किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थी। ऐसे में वह उससे शादी नहीं करना चाहता था और बीमारी का इलाज करने के बहाने उसने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दे दिया।

### 29 मई को मिला था युवती का शव

पनवेल पुलिस थाने के अधिकारियों के मुताबिक, 29 मई को पनवेल के उस इलाके में एक युवती का शव बरामद हुआ, जहां हवाई अड्डा बनना है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि शुरुआत में युवती की पहचान नहीं हो सकी, क्योंकि शव के पास किसी भी तरह की आईडी या कागजात नहीं मिला। हालांकि, 30 मई को एक ऑटो ड्राइवर को एक प्लास्टिक बैग मिला, जिसमें एक आधार कार्ड, एक पर्स और महिला के कुछ कपड़े थे। कुछ समय बाद एक शख्स पुलिस थाने पहुंचा और उसने शव की शिनाख्त की। उसने खुद को युवती का भाई रमेश थोम्बरे बताया। इसके अलावा उसने ऑटो ड्राइवर को मिले सामान की पहचान की और उन्हें युवती का बताया।

## संकट के बीच जूडा की हड़ताल

**भोपाल।** प्रदेश भर में जूनियर डॉक्टर फिर सोमवार से हड़ताल करने जा रहे हैं। वह मानदेय बढ़ाने समेत अन्य छह मांगें कर रहे हैं। उनके आंदोलन से म्यूकरमाइकोसिस व अन्य मरीजों के इलाज में सोमवार को मुश्किल आएगी। जूडा ने कहा है कि मांगें नहीं मानी तो मंगलवार से कोविड ड्यूटी का काम भी बंद कर देंगे। बता दें कि इसी महीने छह मई से दो दिन के लिए जूडा ने आंदोलन किया था। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग के आश्वासन के बाद जूडा ने हड़ताल खत्म कर दी थी।

## शिवराज केबिनेट में कई निर्णय



**भोपाल।** कोरोना महामारी की दूसरी लहर में जान जोखिम में डालकर मैदानी मोर्चा संभालने वाले कर्मचारियों के लिए सरकार ने कोरोना योद्धा योजना एक अप्रैल से 31 मई 2021 तक लागू करने का निर्णय लिया। अब इसे कैबिनेट की मंजूरी के लिए मंगलवार को प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही कोविड-19 विशेष अनुग्रह योजना के अनुसमर्थन का प्रस्ताव भी बैठक में रखा जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग वर्ष 2030 तक के लिए पोषण नीति विचार के लिए रखेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से होने वाली बैठक में दस से ज्यादा विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसमें सभी नियमित,स्थायीकर्मी, दैनिक वेतनभोगी, तदर्थ, संविदा, आउटसोर्स, अन्य शासकीय सेवक की कोरोना संक्रमण की रोकथाम के दौरान मृत्यु होने पर आश्रितों को विशेष अनुग्रह राशि दी जाएगी। वहीं, एक अप्रैल से 31 मई 2021 तक कोरोना योद्धा लागू रखी जाएगी।कोरोना संक्रमण के खिलाफ कार्य के दौरान मृत्यु पर पूर्व से चिह्नित कर्मचारी के स्वजनों को पचास लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। कुपोषण को दूर करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने पोषण नीति 2020-30 तैयार की है। इसे बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें किचन गार्डन योजना के माध्यम से फल और सब्जी के पौधे एवं बीज उपलब्ध कराए जाएंगे।

## लोक सेवा पर हावी अहंकार ?



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रधानमंत्री मोदी के साथ हुई बैठक में शामिल ना होने से राज्य और केंद्र सरकार के बीच दूरी को और बढ़ावा दे दिया है। वहीं बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने ममता बनर्जी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है और कहा कि वो पहले ही बैठक में ना आने का संकेत दे चुकी थी। जगदीप धनखड़ ने ट्वीट कर दावा किया कि शुक्रवार को होने वाली बैठक से पहले ही ममता बनर्जी ने उन्हें मैसेज कर दिया था और कहा था कि अगर इस बैठक में सुवेंदु अधिकारी मौजूद होंगे तो वो बैठक का बॉयकॉट कर सकती हैं। राज्यपाल ने ट्वीट कर ममता बनर्जी पर यह भी आरोप लगाया कि लोक सेवा पर अहंकार हावी हो गया है।

## 123 रुपए सस्ती हुई एलपीजी

**नई दिल्ली।** जून की पहली तारीख को जहां कई राज्यों में अनलॉक की प्रक्रिया शुरू होने से आम लोगों ने राहत की सांस ली है, वहीं रसोई गैस के मोर्चे पर भी राहत की बड़ी खबर आ रही है। सरकारी तेल कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को समीक्षा करती हैं और जरूरी बदलाव किया जाता है जो पूरे महीने लागू रहती हैं। ताजा खबर यह है कि 1 जून से रसोई गैस की कीमतों में बड़ा बदलाव हुआ है। जानकारी के मुताबिक, 19 किलो वाले कमर्शियल रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 123 रुपए की कटौती हुई है।

## दावा: कोरोना वैक्सीन की

# सिंगल डोज ही प्रभावी !

### तीसरी लहर की आशंका के बीच रिसर्च जारी




**नई दिल्ली।** देश में कोरोना महामारी की दूसरी लहर जारी है और तीसरी का खतरा मंडरा रहा है। कोरोना के खिलाफ में जंग में इकलौता हथियार कोविड वैक्सीन की भी किल्लत है। ऐसे में भारत सरकार इस पर भी रिसर्च करने वाली है कि क्या वैक्सीन की एक डोज ही काफी है। इसके इतर ऐसी रिसर्च भी सामने आ रहीं हैं, जिनमें ये दावा किया जा रहा है कि अगर कोरोना हो चुका है, तो पर्याप्त एंटीबॉडीज बनाने के लिए वैक्सीन की एक डोज ही काफी है। हालांकि, इस थ्योरी पर विशेषज्ञों ने सवाल उठाए हैं। देश में दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान जारी है। वैक्सीन की किल्लत कोविड टीकाकरण में बाधा बन खड़ी हुई है। इसके इतर वैक्सीन को लेकर डर, अफवाह और वैक्सीन के असरदार होने को लेकर जबरदस्त कन्फ्यूजन बना हुआ है। इन सबके बीच भारत में कोवैक्सीन, कोविशील्ड और स्पूतनिक वी वैक्सीन लगाईं जा रहीं हैं। इनमें भी सबसे ज्यादा डोज कोविशील्ड की लग रहीं हैं। देश में अब तक लगी कुल वैक्सीन डोज में से 90 फीसदी से ज्यादा टीके कोविशील्ड के लगाए गए हैं। वहीं अब भारत सरकार अगले कुछ महीनों में इस बात पर रिसर्च करेगी कि क्या कोविशील्ड की सिंगल डोज कोरोना से रक्षा के लिए काफी है?

### दावा- ठीक हुए लोगों में एक डोज काफी

बता दें कि कोविड की सभी वैक्सीन की अलग-अलग डोज में समय का एक निश्चित अंतर होता है और ये अंतर इसलिए होता है ताकि अच्छी मात्रा में एंटीबॉडी बन सके। कोविशील्ड को लेकर अलग-अलग रिसर्च आईं और वैक्सीन की डोज के बीच का गैप कई बार बढ़ाया गया। माना जा रहा है कि जो व्यक्ति कोरोना से बचा हुआ है, उसे दो डोज लगाने पर ही पर्याप्त एंटीबॉडी बनेगी। भारत में 4 करोड़ 30 लाख से ज्यादा लोगों ने दोनों डोज ली हैं। इनमें एंटीबॉडी भी बनी है, लेकिन बहुत से ऐसे केस भी होते हैं, जिनमें एंटीबॉडी पर्याप्त मात्रा में नहीं बनती। इस बीच, साइंस जर्नल नेचर में पब्लिश हुई एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि कोरोना से ठीक हुए लोगों में वैक्सीन की एक डोज काफी है यानी उन्हें बूस्टर या दूसरी डोज लगाने की जरूरत ही नहीं है।

### बीएचयू ने दिया ये तर्क

वैज्ञानिक का कहना है कि कोरोना से ठीक हुए लोगों में एंटीबॉडी प्राकृतिक रूप से बनती है और अगर कोरोना से रिकवर हुए लोगों को वैक्सीन का एक डोज भी मिल जाए तो इम्यूनिटी लंबे समय तक बनी रहती है। इसके साथ ही बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) के वैज्ञानिकों ने भी अपनी स्टडी में पाया है कि कोरोना से ठीक हुए लोगों के लिए वैक्सीन की एक डोज ही पर्याप्त है। बीएचयू के वैज्ञानिकों ने 20 लोगों पर अध्ययन किया है और इस रिसर्च को पब्लिश करने के लिए भेजा है। संस्थान के वैज्ञानिकों ने अपनी रिपोर्ट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से साझा किया है और ये सुझाव दिया है कि कोरोना से ठीक हो चुके लोगों को वैक्सीन की एक डोज ही दी जाए। इससे वैक्सीन का संकट दूर होगा।




# दुल्हन हुई कोरोना पॉजिटिव तो पीपीई किट में लिए गये सात फेरे



**वेब डेस्क।** उत्तराखंड के नैनीताल में रामगढ़ ब्लॉक के मनर्सा गांव में दुल्हन के कोरोना संक्रमित होने पर वर-वधू ने पीपीई किट पहनकर फेरे लिए। शादी में दोनों पक्षों के 12 लोग शामिल हुए। वर-वधू के साथ ही बरातियों और घरातियों को 14 दिन के लिए होम क्वारंटीन कर दिया गया है।सोमवार को मनर्सा गांव में दोपहर 12 बजे दिनेशपुर (ऊधमसिंह नगर) से बरात पहुंची, जिसमें दूल्हे समेत छह लोग थे। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम की निगरानी में शादी की सभी रस्में पूरी हुईं। प्रशासन ने दोनों पक्षों के लिए पीपीई किट मुहैया कराई। वर-वधू ने पीपीई किट पहनकर फेरे लिए। राजस्व निरीक्षक भुवन चंद्र भंडारी और उपनिरीक्षक पवन ध्यानी ने बताया कि शादी के बाद दुल्हन को एक अलग वाहन से ससुराल भेजा गया, जहां दिनेशपुर में पूरे परिवार को कोविड नियमों के तहत 14 दिन के लिए होम क्वारंटीन की व्यवस्था की गई है। शादी कार्यक्रम के दौरान खैरना पुलिस कांस्टेबल हर्षवर्धन सिंह, जितेंद्र सिंह थापा भी मौजूद रहे।

उत्तराखंड के नैनीताल में रामगढ़ ब्लॉक के मनर्सा गांव में दुल्हन के कोरोना संक्रमित होने पर वर-वधू ने पीपीई किट पहनकर फेरे लिए। शादी में दोनों पक्षों के 12 लोग शामिल हुए। वर-वधू के साथ ही बरातियों और घरातियों को 14 दिन के लिए होम क्वारंटीन कर दिया गया है।

सोमवार को मनर्सा गांव में दोपहर 12 बजे दिनेशपुर (ऊधमसिंह नगर) से बरात पहुंची, जिसमें दूल्हे समेत छह लोग थे। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम की निगरानी में शादी की सभी रस्में पूरी हुईं। प्रशासन ने दोनों पक्षों के लिए पीपीई किट मुहैया कराई। वर-वधू ने पीपीई किट पहनकर फेरे लिए।

राजस्व निरीक्षक भुवन चंद्र भंडारी और उपनिरीक्षक पवन ध्यानी ने बताया कि शादी के बाद दुल्हन को एक अलग वाहन से ससुराल भेजा गया, जहां दिनेशपुर में पूरे परिवार को कोविड नियमों के तहत 14 दिन के लिए होम क्वारंटीन की व्यवस्था की गई है। शादी कार्यक्रम के दौरान खैरना पुलिस कांस्टेबल हर्षवर्धन सिंह, जितेंद्र सिंह थापा भी मौजूद रहे।

## आईएमए आज मना रहा विरोध दिवस

# रामदेव के अमर्यादित बयान का चिकित्सक कर रहे विरोध

**जबलपुर, यश भारत। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं इनका सीनियर रेजिडेंट डाक्टर्स विंग के द्वारा आज 1 जून 2021 को अखिल भारतीय विरोध दिवस के रूप मनाने का आव्हान किया गया है। रामदेव द्वारा एलोपैथिक चिकित्सा के विरोध में दिए गए अमर्यादित अव्यवहारिक वक्तव्य के विरोध में सभी चिकित्सक द्वारा काली पट्टी लगाकर विरोध किया जा रहा है।**




आईएमए ने कहा कि इस कोरोना महामारी में सभी एलोपैथिक डाक्टर द्वारा पूरा तन मन अर्पण कर अपना कीमती समय देकर, तन्मयता के साथ मरीजों का इलाज किया गया। इस इलाज की पद्धति द्वारा ही काफी अच्छे रिजल्ट, 90 से 95 परसेंट सफलता के सोपान पर हम लोग पहुंचे। पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए आव्हान के कारण पूरे देश के डाक्टर्स ने अपना पूरा समय एवं भावना देश की सेवा में लगा दी। इन सब बातों को दरकिनार करते हुए रामदे ने इस एलोपैथिक चिकित्सा के वजूद पर ही प्रश्न चिन्ह लगा दिया एवं इसको एक माखौल का विषय बना दिया। यह एक बाबा जी जैसे जिम्मेदार नागरिक द्वारा किया हुआ बहुत गलत वक्तव्य है।

### रामदेव करें क्षमा याचना

एलोपैथिक चिकित्सा के भारत सरकार द्वारा स्थापित 450 से 500 मेडिकल कालेज एवं एलोपैथिक विधा के तीन लाख से ऊपर डाक्टर्स इनकी जरूरत एवं क्षमता पर तथा भारत सरकार द्वारा स्थापित इस विधा और भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त इस चिकित्सा विधा का अनादर किया है जो कि एक तरह से संवैधानिक अनादर है। हम चिकित्सक गण रामदेव के इस वक्तव्य की पूर्ण निंदा करते है एवं रामदेव से उम्मीद करते है कि वे अपना वक्तव्य वापस लें एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन तथा एलोपैथिक डाक्टर से क्षमा याचना करें।

### काली पट्टी बांध विरोध

आईएमए जबलपुर एवं मध्य प्रदेश शाखा द्वारा 1 जून 2021 को विरोध दिवस के रुप में काली पट्टी पहनकर रामदेव द्वारा दिए गए अमर्यादित वक्तव्य का विरोध किया जा रहा है। आईएमए समस्त समाज के स्वास्थ की मंगल कामना करता है। जबलपुर आईएमए के अध्यक्ष डाक्टर दीपक साहू, सचिव डाक्टर बृजेश चौधरी एवं समस्त पदाधिकारीगण डाक्टर अरविंद जैन, डा. राकेश पाठक, डाक्टर सुनील बहल, डाक्टर पुष्पराज भटेले, डा. पवन स्थापक, डाक्टर संजीव बरखड़े आदि डाक्टरों ने इस विरोध दिवस को सफल बनाने की अपील की है।

# पेट्रोल हुआ हाहाकारी

## अब डीजल की आई बारी, लगातार दूसरे दिन बढ़े दाम

**जबलपुर,यशभारत।** पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आज भी कोई राहत नहीं मिली है। लगातार दूसरे दिन तेल के दाम में बढ़ोतरी की गई है। अब डीजल भी 100 रुपये लीटर के बेहद करीब आ चुका है, जबकि पेट्रोल 100 के पार चला गया है। जबलपुर में आज डीजल की कीमत में जहां 25 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई, वहीं पेट्रोल के दाम 27 पैसे बढ़े हैं। मंगलवार को पेट्रोल 102.68 रुपये प्रति लीटर पर चला गया और डीजल भी 93.99 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया। 18 दिनों में ही दिन में पेट्रोल 4.17 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है। पिछले दो दिनों में यह 57 पैसे महंगा हुआ है।वहीं अगर डीजल की बात करें तो 18 दिन में डीजल का दाम 4.60 रुपये प्रति लीटर चढ़ चुका है। पिछले दो दिनों यह 63 पैसे महंगा हुआ है।

### ऐसे बढ़ जाता है पेट्रोल-डीजल का रेट

पेट्रोल व डीजल के दाम में एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमीशन और अन्य चीजें जोड़ने के बाद इसका दाम लगभग दोगुना हो जाता है। अगर केंद्र सरकार की एक्साइज ड्यूटी और राज्य सरकारों का वैट हटा दें तो डीजल और पेट्रोल का रेट लगभग 27 रुपये लीटर रहता, लेकिन चाहे केंद्र हो या राज्य सरकार, दोनों किसी भी



कीमत पर टैक्स नहीं हटा सकती। क्योंकि राजस्व का एक बड़ा हिस्सा यहीं से आता है। इस पैसे से विकास होता है।

### हर सुबह होती तय होती हैं कीमतें

दरअसल विदेशी मुद्रा दरों के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड की कीमत के आधार पर रोज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव होता है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियां कीमतों की समीक्षा के बाद रोज़ाना पेट्रोल और डीजल के रेट तय करती हैं। इंडियन ऑयल , भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम रोज़ाना सुबह 6 बजे पेट्रोल और डीजल की दरों में संशोधन कर जारी करती हैं।



# ठंडा रहा मई महीना नहीं तप रहा नौतपा

**जबलपुर। दक्षिण भारत में मानसून आ चुका है, उसी का असर पूरे प्रदेश में देखने को मिला। मौसम विभाग का कहना है कि आज कई जिलों में बादल छाने के साथ तेज बारिश हो सकती है। जबलपुर ,शहडोल संभाग में बारिश होने की संभावना है। 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। मई महीने के आखिरी दिन पारा 37.4 डिग्री रहा। जो सामान्य से 6 डिसे कम रहा।**

इस बार तापमान 42 डिग्री को क्रास नहीं कर पाया। यानी पिछले 8 सालों में गर्मी के मामले मई का यह महीना में कम गर्म रहा। नौतपा के 8 दिन बीत चुके हैं। इसमें भी तापमान लगातार घटते क्रम में है। इस महीने अलग-अलग चक्रवात की वजह से अच्छी बारिश हुई। इसके कारण तापमान ज्यादा नहीं चढ़ पाया। मौसम विभाग की माने को जून के पहले सप्ताह से ही गर्मी से राहत मिलने की संभावनाएं हैं। मंगलवार को मौसम साफ रहा। धूप की चुभन भले ही कम हो गई थी। लेकिन उमस ने लोगों को परेशान कर दिया। न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री रहा। वह सामान्य से 2 डिग्री कम रिकॉर्ड में लिया गया है। सुबह की नमी 6० प्रतिशत रही।

### वेस्टर्न डिस्टरबेंस के साथ ही दो तूफानों की वजह से भी ऐसा रहा मौसम

लगातार वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण प्रदेश में और उसके आसपास ऐसे सिस्टम बने जिनके कारण बादल छाए और बारिश हुई। इस कारण तपिश ज्यादा नहीं बढ़ सकी। अरब सागर में बंगाल की खाड़ी में उठे दो तूफानों का असर हुआ। इसके कारण हवा का रुख बदला और बारिश हुई। इस वजह से भी मई तप नहीं सका यहां गुजरात, राजस्थान और उत्तरी क्षेत्रों से आने वाली हवा के कारण तपिश बढ़ती है। इस बार यह इलाके भी नहीं तपे।

# हाईस्कूल के प्राइवेट विद्यार्थी कोरोना कम होने के बाद दे सकेंगे परीक्षा



**जबलपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने स्कूलों को ओएमआर शीटस में अंक भरकर भेजने की तिथि बढ़ाते हुए 10 जून कर दी है। वेबसाइट पर भेजने के साथ आफलाइन भी माशिमं को अंक स्कूलों को भेजने है। परिणाम जून के तीसरे सप्ताह तक घोषित हो सकता है। परिणाम बेंचमार्क के आधार पर बनेगा, इसमें विद्यार्थियों को स्कूल के तीन साल के रिजल्ट के आधा पर अंक भेजे जाएंगे। फेल होने वाले विद्यार्थियों को 33 फीसदी पर पास करने के निर्देश है। मंडल ने प्राइवेट विद्यार्थियों के लिए दो आप्शन रखे हैं। इसमें पहले विद्यार्थियों को 33 फीसदी अंक देकर सिर्फ पास करने का है तो दूसरा कोरोना संक्रमण में कमी आने के बाद विद्यार्थियों की परीक्षा लिए जाने का शामिल है। विद्यार्थी दोनों आप्शन में से किसी कए का चुनाव का सकते हैं। वही यदि परिणाम घोषित होने के बाद किसी विद्यार्थी को कोई आपत्ति होती है तो वो भी मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा में शमिल हो सकेगा। गौरतलब है कि इस बार कोरोना के चलते 10वीं का परीक्षा परिणाम आंतरिक मूल्यांकन और छमाही, रिवीजन टेस्अव प्री बोर्ड परीक्षा के आधार पर घोषित होना है।

# शासकीय अस्पतालों के ब्लड बैंकों में खून का टोटा

जबलपुर ।कोरोना महामारी के बढ़ते प्रकोप की वजह से लोग अब रक्तदान के लिए नहीं आ रहे हैं। जिसकी वजह से दिन प्रतिदिन ब्लड बैंकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग की गाइड लाइन के अनुसार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा सकता है, लेकिन लोगों की कमी के कारण शिविर सफल नहीं हो पाता है। वहीं टीका लगवाने के बाद करीब 100 दिनों तक रक्तदान नहीं कर सकते हैं। इसका असर शहर के शासकीय अस्पताल के ब्लड बैंक में भी दिखने लगा है। जिसके कारण खून की जरूरत वाले मरीजों को अपना डोनर स्वयं लेकर जाना होता है। दरअसल शहर के विक्टोरिया अस्पताल में रोजाना 15 यूनिट व मेडिकल अस्पताल में 35 यूनिट ब्लड की आवश्यकता होती है, लेकिन विक्टोरिया में 8 व मेडिकल में 17 यूनिट ब्लड का ही इंतजाम बमुश्किल हो पाता है। जिसके कारण मरीज को ब्लड की पूर्ति करने के लिए डोनर का इंतजार करना होता है। अस्पताल के ब्लड बैंक अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कोरोना संक्रमण और टीकाकरण के अलावा स्कूल, कॉलेज व अन्य निजी संस्थान बंद होने के कारण डोनर घर से निकलने में कतरा रहे हैं। इन दिनों अस्पताल के करीब 80 फीसदी मरीज स्वयं डोनर लाने के बाद ब्लड की पूर्ति कर रहे हैं। रक्तदान शिविर का भी आयोजन समुचित मात्रा में नहीं हो पा रहा है।

# निजीकरण को शासकीय अमले का तमाचा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ न विगत कई वर्षों से केन्द्र सरकार के साथ साथ मध्यप्रदेश सरकार द्वारा निजीकरण को अधिक बढ़ावा दिया जा रहा है। जहाँ एक ओर शासकीय विभागों को बंद/निजी हाथों में सौपकर निजीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है वहीं लगभग 1.5 वर्षों में कोरोना महामारी से लड़ने में पहली लहर से दूसरी लहर तक शासकीय अमला दिन-रात सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर निष्ठा व इमानदारी से कर्तव्यों व दायित्वों का बखूबी निर्वाहन करते हुए कोरोना महामारी को समाप्त किये जाने में निरंतर अपनी सेवायें दे रहा है ।शासकीय अमला बस स्टेण्ड, चूंगीनाके, टोल नाका, एयर पोर्ट, रेल्वे स्टेशन, भोजन वितरण, घर-घर सर्वे, कोरोना कंट्रोल रूम, वैक्सीनेशन व इलाज के साथ साथ श्मसान में भी अपनी सेवाय दे रहा है यह किसी से छिपा नहीं है ।आज अगर शासकीय अमला न होता तो कोरोना पर नियंत्रण पाना न मुमकिन था । जहाँ सरकार निजीकरण को बढ़वा दे रही है वहीं शासकीय अमले द्वारा कोरोना महामारी की रोकथाम में कसौटी पर खरा उतर कर निजीकरण को तमाचा मारा गया है । संघ के योगेन्द्र दुबे, शहजात द्विवेदी, रजनीश पाण्डेय, आलोक अग्निहोत्री, मुकेश सिंह, अजय दुबे, सतीश उपाध्याय, मंसूर बेग, आदि ने मुख्यमंत्री जी को पत्र ईमेल के माध्यम से भेजकर निजीकरण पर अंकुश लगाने की मांग की है ।

**कोरोना से लड़ने में शासकीय तंत्र ही कसौटी पर खरा उतरा**

# राज्य में कोरोना के इलाज की नई दर आज से लागू

**जबलपुर,** ।मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के पूर्व निर्देश के पालन में सोमवार को राज्य शासन की ओर से जानकारी पेश करते हुए बताया गया कि कोरोना के इलाज की नई दर निर्धारित कर दी गई है। इसे 10 जून से लागू करने की बात रखी गई। इस पर कोर्ट मित्र वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने विरोध जताते हुए अविलंब लागू किए जाने पर बल दिया। कोर्ट ने इस आपत्ति को गंभीरता से लिया। लिहाजा, राज्य शासन की ओर से नई दर एक जून से लागू किए जाने की सहमति दे दी गई। मुख्य न्यायाधीश मोहम्मद रफीक व जस्टिस अतुल श्रीधरन की युगलपीठ के समक्ष मामला सुनवाई के लिए लगा। इस दौरान राज्य की ओर से महाधिवक्ता पुरुषेंद्र कौरव ने पक्ष रखा। जबकि कोर्ट मित्र बतौर वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने तर्क रखे। उन्होंने राज्य के अंतरिम जवाब पर गौर करने के बाद साफ किया कि निजी अस्पताल कोरोना के इलाज के नाम पर मनमानी करते चले आए हैं। ऐसे में यदि नए रेट फिक्स कर दिए गए हैं, तो उन्हें प्रभावी करने के लिए दस दिन का समय और क्यों लिया जा रहा है? इसका कोई औचित्य नहीं है। इस बीच निजी अस्पताल पूर्ववत मनमानी करते रहेंगे। इससे कोरोना मरीज लुटने विवश होंगे। राज्य की ओर से महाधिवक्ता ने साफ किया कि अविलंब संशोधित आदेश निकालकर एक जून से कोरोना के इलाज की नई दर प्रभावी कर दी जाएगी। सरकार आम जनता के साथ है।वह कोरोना काल में आम जन को होने वाली असुविधा से खासी चिंतित रही है।

**हाई कोर्ट में जानकारी पेश**

### इस तरह लागू होंगी नई दरें

हाई कोर्ट में राज्य शासन की ओर से पेश की गई जानकारी के मुताबिक एक जून से कोरोना संक्रमित नॉन इंश्योरेंस मरीजों, जिनके पास आयुष्मान कार्ड आदि नहीं हैं, उनसे जनरल वार्ड और आइसोलेशन के लिए महज पांच हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से चार्ज किए जा सकेंगे।एचडीयू और आइसोलेशन के लिए प्रतिदिन अधिकतम साढ़े सात हजार वसूले जा सकेंगे। आइसीयू विदाउट वेंटिलेशन और आइसोलेशन के लिए प्रतिदिन 10 हजार और आइसीयू विद वेंटिलेशन और आइसोलेशन के लिए प्रतिदिन अधिकतम 17 हजार लिए जा सकेंगे। इन दरों के साथ बेड चार्ज, नर्सिंग चार्ज, हाउस कंसल्टेशन, ड्यूटी डॉक्टर चार्ज, डाइट, सभी तरह की जांचें, पीपीई किट, ऑक्सीजन, नेबुलाइजेशन व फिजियोथेरपी का चार्ज शामिल रहेगा।जबकि आउटसाइड स्पेशलिस्ट कंसल्टेशन, दवाएं, रेमडेसिविर व चेस्ट सीटी स्कैन आदि का चार्ज निर्धारित शासकीय दरों पर ही वसूला जा सकेगा।

## कोरोना के 98 मरीज मिले, 141 ने जीती महामारी से जंग

**जबलपुर,** ।कोरोना महामारी से संक्रमित 98 नए मरीज सामने आए तथा संक्रमण मुक्त होने पर 141 लोगों को अस्पतालों से छुट्टी दी गई। इस प्रकार जिले में कोरोना मरीजों की संख्या बढ़कर 49 हजार 871 हो गई जिसमें 48 हजार 133 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। इधर, 24 घंटे के भीतर कोरोना संक्रमित पांच मरीजों ने जान गंवाई जिसके बाद महामारी से कुल मृतक संख्या 610 हो गई है। सोमवार को 5 हजार 680 सैंपल की रिपोर्ट में 1.72 पॉजिटिविटी दर से मरीज सामने आए जबकि कोरोना से रिकवरी की दर बढ़कर 96.51 फीसद पहुंच गई है। इधर, 24 घंटे के भीतर छह हजार से ज्यादा संदिग्धों के सैंपल कोरोना जांच के लिए भेजे गए। कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या एक हजार 128 रह गई है जिसमें 680 मरीज होम आइसोलेशन में हैं। आनलाइन पंजीयन कराए बगैर कोरोना का टीका लगवाने के लिए 3-5 हजार रुपये की मांग जिला टीकाकरण कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा की जा रही है। इंटरनेट मीडिया पर वायरल ऑडियो में कथित तौर पर इस बात के प्रमाण मिले। ऑडियो में कहा जा रहा है कि, दुबे जी नमस्कार, नीलेश मिश्रा ने नंबर दिया था। चेरीताल में वैक्सीन लगवानी है।

# अतिथि शिक्षक दाल-रोटी को मोहताज

**जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति ने` बताया कि प्रदेष के लाखों अतिथि षिक्षक कोरोना महामारी के चलते स्कूलों के बंद रहने से बेरोजगार हो गये है या यूं कहिए कि दाल रोटी को मोहताज हो गये है।**



यदि देखा जाए तो पहले ही अतिथि शिक्षकों को न्यूनतम राशि मिलती थी याने महिने में जितने दिन स्कूल लगता था उतने ही दिन की राषि उन्हे दी जाती थी जो पहले ही जीवकोपार्जन चलाने के लिए पर्याप्त नहीं थी परंतु वे इस भरोसे पर कार्य करते आ रहे हैं की शायद कभी शासन-प्रशासन का इस ओर ध्यान जाएगा और उन्हे उनके इतने सालों की सेवा के बदले शिक्षा विभाग में नियमित किया जाएगा। परंतु हमेशा से ही सिर्फऔर सिर्फउन्हे आष्वासन ही मिलता रहा परंतु नियमित नहीं किया गया। फ्लस्वरूप कोरोना महामारी के चलते लाकडाउन की वजह से जैसे ही स्कूलों में छुट्टी हुई अतिथि शिक्षक बेरोजगार हो गये। संघ ने आगे बताया कि इस महामारी के दौर में लॉकडाउन के चलते सभी शासकीय स्कूल बंद चल रहे हैं खास कर प्राथमिक एव माध्यमिक शालाओं में बच्चों का आना प्रतिबंधित है ऐसे में जो अतिथि षिक्षक प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में कार्यरत थे उनके सामने जीवकोपार्जन की बड़ी समस्या सामने आ गयी है, क्योंकि वे अपने इसी प्रोफेसन पर निर्भर हैं। और जो हाई स्कूल और हायर सेकेन्ड्री स्कूलों में अतिथि षिक्षकों के रूप में कार्य कर रहे थे उनके लिए भी स्कूलों में कोई कार्य नहीं बचा ऐसे में वे भी बेरोजगार हो गयें। न ही शासन प्रषासन द्वारा इन अतिथि षिक्षकों के लिए कोई सहायता राषि इनके खाते में डाली गयी ऐसे में इस नाजुक दौर में उनके सामने दाल रोटी के लिए मोहताज होने की स्थिति बन गयी है। संघ के प्रांतीय संयोजक प्रमोद तिवारी, जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, मीनूकांत शर्मा, जियाउर्रहीम, स्टेनली नॉबर्ट, एस.एन.शर्मा, राकेष श्रीवास, हेमंत ठाकरे, संतोष श्रीवास्तव, दिनेष गौंड़, एनोस विक्टर, वसुमुद्दीन आषाराम झारिया, विनोद सिंह, भागीरथ सिंह, लक्ष्मण झारिया, गुडविन चार्ल्स, त्रिलोक सिंह, अनूप सिन्हा, समर सिंह ठाकुर, शैलेष जैन, आदि ने मुख्य मंत्री महोद्य से मांग की है कि प्रदेष के अतिथि षिक्षकों को नियमित किया जाए।

### कोरोना से मृत पेंशनर्स के परिवार को भी मिले रु 5 लाख की सहायता

पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष श्री श्याम जोशी , महामंत्री श्री एच पी उरमलिया ने मध्यप्रदेश के मुख्य मंत्री एवं मुख्य सचिव महोदय को एक मांग पत्र भेजकर मांग की है कि मध्यप्रदेश के सेवानिवृत कर्मचारी जिनकी कोविड 19 से पीड़ति होकर मृत्यु हुई है उनके परिवार को भी रु 5 लाख की अनुग्रह राशि सहायता दी जाए ताकि ऐसे परिवार को कुछ राहत प्राप्त हो सके। जैसे की इस बीमारी के इलाज में काफी धनराशि व्यय करनी पड़ी है फिर भी पेंशनर्स को बचाया नहीं जा सका तथा इलाज में कर्ज लेकर इलाज कराना पड़ा है अतेव हमारी मांग पे भी सहानुभूतिपूर्वक विचार हो तथा तद्दाश्य आदेश भी जारी कराए जाए।

## कोरोना की जांच कराए बिना इलाज के दौरान संक्रमण से मरने वालों को नहीं मिलेगा फायदा

# कोरोना रिपोर्ट जरूरी, तभी मिलेगा योजना का लाभ

**जबलपुर। कोरोना की जांच बिना कराए इलाज के दौरान संक्रमणसे मरने वालों को किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिलेगा। भले ही उस व्यक्ति की मौत का कारण कोरोना रहा हो। यदि 1 मार्च से 30 जून के बीच कोरोना संक्रमित पाए गए व्यक्ति की मौत 60 दिन के भीतर किसी भ्झी कारण से होती है तो उसे योजना का लाभ मिलेगा।**

इसके लिए डेथ सर्टिफिकेट की आवश्यकता तो है पर उस पर मौत का कारण लिखा हो यह आवश्यक नहीं। आवश्यक है इस दौरान आपके पास कोरोना की पॉजिटिव रिपोर्ट होना। इसलिए लोग अनावश्यक परेशान न हो। योजनाओं का लाभ रेपिट या आरटीपीसीआर जांच रिपोर्अ पॉजिटिव पाए जाने पर ही मिलेगा।

### संक्रमित निकलने पर 60 दिन के भीतर मौत तो योजना का मिलेगा लाभ

शासन ने तीन योजनाओं की अधिसूचना जारी की है। अनुकंपा नियुक्ति की, शासकीय व्यक्ति को अनुग्रह राशि व बाल कल्याण योजना का लाभ। इन योजना का लाभ एक मार्च से तीन जून के बीच संक्रमित पाए जाने वालों को मिलेगा। इस दौरान पॉजिटिव निकलने पर वह भले ही कोरोना को हरा देते हैं और उनकी संक्रमित निकलने के बाद किसी भी बीमारी से 60 दिन के भीतर मौत हो जाती है तो उसे इन तीनों योजना का लाभ दिया जाएगा।इसके साथ ही यह भी कहा गया है कि यदि योजना समाप्त होने से पहले कोई संक्रमित पाया जाता है और उसकी मौत योजना समाप्ति के बाद होती है। पर मौत संक्रमित निकलने के आठ दिन के भीतर हो जाती है तब भी योजना का लाभ मिलेगा।

### डेथ सर्टिफिकेट पर मौत का कारण लिखवाने परेशान न हो

कोविड से मौत होने के बाद योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोग नगर निगम व जयारोग्य अस्पताल में डेथ सर्टिफिकेट लेने लिए कतार में लगे हैं। पर समस्या उनके सामाने तब खड़ी हो जाती है जब डेथ सर्टिफिकेट पर मौत का कारण कोविड नहीं होता तो वह मौत का कारण लिखवाने के लिए जिद या फिर परेशान होते हुैं। ऐसे में जरूरी नहीं है कि आपके डेथ सर्टिफिकेट पर मौत का कारण लिखा हो पर यह जरूरी है कि उसमें मौत होने की अवधि संक्रमित पाए जाने के 60 दिवस के भीतर हो।

### किस योजना में क्या लाभ

अनुकंपा नियुक्ति- किसी भी शासकीय, अर्ध शासकीय, कलेक्टरेट,संविदा, दैनिक वेतन भोगी को अनुकंपा नियुक्ति की पात्रता होगी। पर ऐसे कोरोना योद्धा जो 50 लाख की अनुग्रह राशि प्राप्त करने की पात्रता रखते हैं। उन्हें अनुकंपा नियुक्ति का लाभ नहीं मिलेगा। अनुग्रह राशि- शासकीय सेवक जो एक मार्च से तीस जून के बीच में सक्रमित पाया जाता है और उसकी सं मित पाए जाने के साठ दिवस के भीतर किसी भी कारण से मौत होती है तो परिवार को पांच लाख रुपए का आर्थिक सहायता दी जाएगी। यदि साठ दिवस के बाद मौत होती है तो उसे योजना का लाभ नहीं मिलेगा। बाल कल्याण योजना- इस योजना में ऐसे बच्चे जिनके माता या पिता अथवा दोनों की कोविड से मौत हुई हो या फिर माता पिता की मौत पहले किसी कारण से हुई अब उनकी देखरेख करने वालों की कोरोना से मौत हो चुकी हो ऐसे बच्चों को बाल कल्याण योजना का लाभ मिलेगा। बात हित ग्राही से तत्यपर्य है ऐसे बालक जिनकी उम्र 21 वर्ष या उससे कम है। परंतु स्नातक में अध्ययनरत रहने की स्थिति में 24 वर्ष या स्नातक करने की अवधि जो भी कम हो उस समय तक लाभ दिया जाएगा। 18 वर्ष से कम आयु के बाल हितग्राही के मामले में संरक्षक का चिन्हांकन योजना के अंतर्गत कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा।

## पमरे ने चेन पुलिंग के विरूद्ध 161 प्रकरणों से 40,110/- रुपये जुर्माना वसूला

# बिना उचित कारण के चेन पुलिंग ना करे



**जबलपुर यश भारत। यात्रियों द्वारा यात्रा के दौरान बिना किसी पर्याप्त कारण के चेन पुलिंग कर गाड़ी को रोक दिया जाता है, इससे गाड़ी की समय पालन प्रभावित होने के साथ - साथ यात्रियों को असुविधा भी होती है। पश्चिम मध्य रेल के तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा में टिकट चेकिंग स्टॉफ एवं रेल सुरक्षा बल द्वारा संयुक्त रूप से बिना किसी उचित कारण के चेन पुलिंग कर गाड़ी का समय पालन प्रभावित करने के साथ ही यात्रियों को असुविधा उत्पन्न करने वाले यात्रियों के विरुद्ध अभियान चलाया जाता है जिसमें सख्त कार्यवाही की जाती है।**

इस संबंध में सीपीआरओ राहुल जयपुरियार ने जानकारी में बताया कि पश्चिम मध्य रेल ने अप्रैल माह 2021 में ऐसे अवैध रूप से चेन खींचने के 161 प्रकरणों में रेलवे ने इस ग़ैर जम्मिेदारी के लिए रुपये 40,110/- जुर्माना लगाया है।पश्चिम मध्य रेल द्वारा वित्तिय वर्ष 2019-20 में अवैध रूप से जंजीर खींचने के विरुद्ध 3782 प्रकरणों में कार्यवाही करके रुपये 22,33,604/- जुर्माना लगाया है। इसी प्रकार वित्तिय वर्ष 2020-21 में अवैध रूप से चेन पुलिंग करने वाले के विरुद्ध 1265 प्रकरणों में कार्यवाही करके रुपये 8,15,944 /- जुर्माना लगाया है। इस प्रकार पश्चिम मध्य रेल पर चेन पुलिंग की कार्यवाही में पिछले वर्ष की तुलना में 66त्न प्रकरणों में कमी आयी है। अत: पश्चिम मध्य रेल के रेल सुरक्षा बलों द्वारा चैन पुलिंग करने वाले यात्रियों की सतत निगरानी कर सख्त अभियान चलाया जा रहा है।इसी अभियान के तहत भोपाल मण्डल ने अवैध रूप से चेन पुलिंग में जनवरी से मई माह 2021 तक 251 मामलों में रेलवे ने इस गैर जिम्मेदारी के लिए रुपये 2,71,895 /- जुर्माना लगाया है। रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत बिना किसी उचित कारण के चेन पुलिंग करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जाती है, जिसमें एक वर्ष तक का कारावास या एक हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों दंड का प्रावधान है पश्चिम मध्य रेल के रेल सुरक्षा बल द्वारा अवैध रूप से अलार्म चेन पुलिंग अभियान के तहत तीनों मण्डलों पर कार्यवाही की गई। भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर 10.01.2021 को गा?ी संख्या 01061 एलटीटी-जयनगर स्पेशल ट्रेन में आरोपी इदरा खान द्वारा आलार्म चैन पुलिंग कर भागने का प्रयास कर रहा था जिस पर उक्त गा?ी में रेल सुरक्षा बल अनुरक्षण दल में तैनात आरक्षक बी.बी.प्रजापति द्वारा त्वरित कार्यवाही कर उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा 137, 141, 145 रेल अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया एवं न्यायलय द्वारा उसे दण्ड स्वरूप 1500/- रूपये का जुमार्ना किया गया।

कोटा मंडल के सवाईमाधोपुर स्टेशन पर गाड़ी संख्या 02243 कानपुर सेण्ट्रल-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन में आलार्म चैन पुलिंग, कपट्तापूर्वक यात्रा करने एवं अनाधिकृत रूप से खाद्य सामग्री बेचते हुये आरोपी विनोद गुर्जर को, स्टेशन ड्यूटी पर तैनात रेल सुरक्षा बल सदस्य प्रधान आरक्षक फूल सिंह द्वारा त्वरित कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया जिसके विरूद्ध धारा 141, 137, 144 रेल अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया जो कोरोना के कारण न्यायलय में मामला लम्बित हैं।

जबलपुर मंडल के सागर स्टेशन पर 4 फरवरी.2021 को यात्री गाड़ी में आलार्म चैन पुलिंग कर भागते हुये आरोपी लवकुश चाहर को, स्टेशन ड्यूटी पर तैनात रेल सुरक्षा बल स्टाफ द्वारा त्वरित कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया जिसके विरूद्ध धारा 141 रेल अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया एवं न्यायलय द्वारा उसे दण्ड स्वरूप 1500/- रूपये का जुमार्ना किया गया। अत: यात्रियों से अपील है कि वह बिना किसी पर्याप्त कारण के खतरे की जंजीर खींचकर अपने को परेशानी में ना डालें और साथी यात्रियों को अनावश्यक कष्ट ना दें। इस प्रकार के कृत्य से गाड़ी की समय पालन प्रभावित होने के साथ ही सह यात्रियों को भी असुविधा होती है। इसके साथ ही कृपया एक जागरुक नागरिक होने का परिचय देते हुए उपयुक्त टिकट लेकर ही यात्रा करें, जिससे कि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

# लेफ्टिनेंट जनरल अजय सिंह एएनसी की कमान संभालेंगे



**नई दिल्ली। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ बीच, महत्वपूर्ण पूर्वी कमान को एक नया कमांडर मिल रहा है, जिसमें लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे मंगलवार को कार्यभार संभाल रहे हैं। देश की एकमात्र त्रि-सेवा कमान, अंडमान और निकोबार कमान (एएनसी), जिसके नेतृत्व में लेफ्टिनेंट जनरल पांडे थे, को भी आज एक नया कमांडर मिलेगा जब लेफ्टिनेंट जनरल अजय सिंह पदभार संभालेंगे।**

5वीं पीढ़ी के सेना अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल अजय सिंह लेफ्टिनेंट जनरल अजय सिंह अंडमान और निकोबार कमांड के 16वें कमांडर-इन-चीफ होंगे और लेफ्टिनेंट जनरल पांडे के बाद पदभार ग्रहण करेंगे। वह 13 सितंबर 1858 से 162 से अधिक वर्षों की पारिवारिक सेवा के साथ पांचवीं पीढ़ी की सेना के साथ-साथ कैवेलरी / आर्मर्ड कॉर्प्स अधिकारी हैं। संयोग से, उन्हें 81 बख्तरबंद रेजिमेंट में नियुक्त किया गया था, जो उनके दिवंगत पिता द्वारा बनाई गई एक रेजिमेंट थी। CINCAN के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले, लेफ्टिनेंट जनरल सिंह बठिंडा स्थित 10 कोर का नेतृत्व कर रहे थे, जो पाकिस्तान के उद्देश्य से दो स्ट्राइक कोर में से एक था। वह हाल के दो अध्ययनों के लेखक हैं - एक सेना मुख्यालय के पुनर्गठन के लिए और दूसरा संचालन पर महत्वपूर्ण अध्ययन के लिए। संयोग से, उन्होंने सेना की छह भौगोलिक कमांडों के साथ-साथ सेना प्रशिक्षण कमान में विभिन्न नियुक्तियों में भी काम किया है। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह, जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र की पोस्टिंग के हिस्से के रूप में अंगोला में सैन्य पर्यवेक्षक के रूप में कार्य किया है, ने कश्मीर घाटी और उत्तर-पूर्व में आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए पैदल सेना के साथ स्वयंसेवी कार्यकाल भी लिया है। वह मराठा लाइट इन्फैंट्री की एक बटालियन में तैनात थे, जिसके साथ उन्होंने ऑपरेशन विजय (कारगिल) और मेघदूत (सियाचिन ग्लेशियर) में एक राइफल कंपनी की कमान संभाली और वीरता के लिए सेना प्रमुख की प्रशंसा प्राप्त की।



## पीपीई किट, मास्क, सैनिटाइजर ,डेड बॉडी कवर दिए

**जबलपुर।** पूज्य जगदगुरू स्वामी राघव देवाचार्य के द्वारा नगर निगम कमिशनर संदीप जी आर जी को पीपीई किट, मास्क, सैनिटाइजर और डेड बॉडी कवर प्रदान किये। इस अवसर पर परम् पूज्य गुरुजी की उपस्थिति में ये समस्त सामग्री स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंह एवं उप स्वास्थ्य अधिकारी को प्रदान की गयी।

## जरूरतमंदों की कर रहे मदद

**जबलपुर।** चन्द्रशेखर आजाद मंडल भाजपा पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के अंतर्गत आने विगत 1 सप्ताह से जरूरतमंदों के लिए जिसके पास राशन कार्ड नहीं है उन्हें भी मध्यप्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार की ओर से 3 महीने का राशन उपलब्ध किया जा रहा है जिस की चिंता मंडल के पूर्व महामंत्री पं.संदेश महाराज एवं मंडल सह प्रचार मंत्री श्रीमती अनीता मिश्रा ने की इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए मदर टेरेसा हनुमान मंदिर में वरिष्ठ भाजपा नेता राजू यादव के विशेष सहयोग के माध्यम से वार्ड के जरूरतमंदों को समग्र आईडी आधार कार्ड लेकर उनका आपदा खाद्यान्न राहत अंतर्गत अस्थाई पात्रता पर्ची हेतु आवेदन पत्र भरवाया एवं जरूरतमंदों की पूर्ति हो सके ऐसा प्रयास किया।



## जंगल बचाने पहुंचे बक्सवाहा

**जबलपुर।** छतरपुर जिला के बक्सवाहा पहुंची भैया जी सरकार हीरा खनन से लाखों पेड़ों के काटे जाने की आशंका को लेकर सुर्खियों में आए बक्सवाहा जंगल को देखने के लिए समर्थ भैया जी सरकार बक्सवाहा पहुंचे उनके साथ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भारत सिंह यादव छोटे राव साहब मोनू श्रीवास्तव मोनू सिंह सुनील सिंह चौहान संदीप सोदिया लक्ष्मी नारायण शुक्ला दीपक शर्मा टिम्मी आनंद कनोजिया शामिल है जिला छतरपुरबकस्वाहा जनपद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव जहां पर पेड़ जंगल कट खनन होना है और इससे प्रभावित गांवों के नाम है ग्राम सगोरिया ,कसेरा ,हरदुआ, शहपुरा, बीरमपुरा, तलई,जगारा, निमानी, मझौरा, हिरदेपुर प्रमुख हैं साथ ही ये पांच ग्राम तेरियामार,बजना,हिनौता,टपरियन दरदोनिया,हैं।

# डयूटी के नाम पर वेतन रूकने का तुगलकी फरमान




## ग्रीष्मावकाश अवधि में शिक्षकों का वेतन न रोका जाये

**जबलपुर ।** मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने कहा कि ग्रीष्मावकाश अवधि में शिक्षकों का वेतन न रोका जाये । संघ की ओर से बताया गया कि माह अप्रैल 2021 से 10 जून 2021 तक शासन द्वारा शालाओं में छात्रों/शिक्षकों के लिए ग्रीष्मावकाश घोषित है। उक्त अवकाश अवधि में जनता कर्फ्यू भी लागू है जिसमें केवल अति आवश्यक सेवा प्रदाता विभाग ही अपनी सेवायें दे रहे हैं। इसी अवधि में कुछ चुनिन्दा शिक्षकों को कोविड कंट्रोल रूम में अपनी सेवायें देने हेतु आदेशित किया गया है। जिन शिक्षकों की कोरोना कंट्रोल रूम में डयूटी लगाई गई है उनमें से अधिकतर अधिक उम्र के महिला एव पुरूष शिक्षक दोनो हैं, इनमें से कुछ शिक्षक गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैं, कुछ शिक्षकों की डयूटी 40से 50 कि.मी.मुख्यालय से दूर लगाई गई है, उक्त कारणों के अतिरिक्त स्वयं अथवा परिजनों के कोरोना संक्रमण से पीडित होने के कारण वह अपने कतर्व्ययों पर उपस्थित नहीं हो सके। शिक्षकों द्वारा पर्याप्त कारण दर्शाते हुए ड्यूटी से मुक्त करने हेतु जिला प्रशासन से निवेदन किया गया किन्तु प्रशासन की हठधर्मिता के कारण ग्रीष्मावकाश अवधि मे वेतन रोकने का तुगलकी फरमान जारी कर दिया गया है। शासन का शिक्षकों के प्रति दोहरा मापदण्ड असंवेदनशील है जिसकी संगठन निन्दा करता है।संघ के योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, नरेन्द्र दुबे, अटल उपाध्याय, मुकेश सिंह, आलोक अग्निहोत्री, दुर्गेश पाण्डे, मुन्ना लाल पटैल, आशुतोष तिवारी, सुरेन्द्र जैन, डॉश्संदीप नेमा, नितिन अग्रवाल, तरूण पंचौली, श्यामनारायण तिवारी, प्रणव साहू, मनीष लोहिया, विजय कोष्टी, सुदेश पाण्डे, संतोष तिवारी, नितिन शर्मा, प्रियांशु शुक्ला, धीरेन्द्र सोनी, मो0तारिक, महेश कोरी आदि ने कलेक्टर जिला जबलपुर से मांग की है की शासन द्वारा घोषित ग्रीष्मावकाश अवधि में किसी भी शिक्षक का वेतन न रोका जावे।

# जबलपुर रेल मण्डल के 44 रेल कर्मचारी सेवानिवृत्त

## डीआरएम ने की उज्जवल भविष्य की कामनाएं

जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेल में जबलपुर मंडल पर माह मई में 44 रेल कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। मंडल रेल प्रबंधक संजय विस्वास के मार्गदर्शन में अपर मंडल रेल प्रंबधक दीपक कुमार गुप्ता के निर्देषानुसार इस माह सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का निपटारा माड्यूल से किया गया। इस माह सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कुल राशि रु. 13,00,41,326/- का भुगतान एन.ई.एफ.टी. से माध्यम से किया गया। इस अवसर पर वरि. मंडल कार्मिक अधिकारी शसुप्रकाश, वरि. मंडल वित्त प्रंबंधक अभिराम खरे, सहायक कार्मिक अधिकारी अभय कुमार गुप्ता एवं सहायक मंडल वित्त प्रबंधक एस एस तोमर के अलावा कार्मिक एवं लेखा विभाग के कर्मचारी का सहयोग रहा जबलपुर मंडल से सेवानिवृत्त हो रहे समस्त कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की हम कामना करते है एवं उन्हें भविष्य में सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहेगें।

## भैंस की सींग घुसी युवक की मौत



**जबलपुर ।**तिलवारा के ग्राम खुलरी में एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया। खेत में घुसी भैंस को भगाने पहुंचे युवक पर उसने सींग से हमला कर दिया। युवक को को घायल हालत में परिजन घर ले गए। वहां युवक ने दम तोड़ दिया। तिलवारा पुलिस के मुताबिक खुलरी गांव निवासी राकेश पडरहा (32) ने शिकायत कर बताया कि सोमवार दोपहर में उसका भाई अखिलेश गाय चराने गया था। कोटवार रमेश के खेत में सुशील पाठक की भैंस को वह खदेड़ने गया। तभी भैंस ने उसे मार दिया। भैंस की सींग उसकी पेट में लगी और वह मौके पर ही बेहोश हो गया। आसपास के लोग मदद को पहुंचे। घायल हालत में परिजन उसे घर ले गए। वहां दोपहर तीन बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भिजवाया। पीएम रिपोर्ट में उसकी मौत की वजह अंदरूनी रक्तस्राव बताया जा रहा है।

**गांव में ससुर-साले का आतंक**

# पुराने विवाद पर जीजा को अधमरा करके छोड़ा

## बरेला के कुडारी गांव की घटना, देररात तक चलता रहा हंगामा

जबलपुर, यशभारत। बरेला के कुड़ारी गांव में सोमवार की रात उस समय ग्रामीण दहशत में आ गए जब गांव के यादव परिवार के बीच विवाद हो गया। साले-ससुर ने अपने दामाद के छोटे भाई को बुरी तरह से पीट दिया। देररात गांव में ससुर-सालों का जमकर हंगामा मचाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दहशत फैला रहे ससुर-सालों को पकड़ना चाहा परंतु वह मौके से फरार हो गए। कुरारी निवासी दीपक यादव ने बरेला थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि बीती रात वह उमरिया निवासी आनंद शुक्ला की किराना दुकान में बैठा था उसी वक्त बड़े भाई के साले संतोष, नित्तू और सुरेंद्र यादव अपने पिता दस्सू यादव के साथ पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने में भाई के ससुर, सालों ने जमकर मारपीट की यहां तक किसी धारदार हथियार हाथ-पीठ में चोट पहुंचा दी। इस घटना में किराना दुकानदार आनंद शुक्ला को भी चोट आई हैं।



### पुरानी रंजिश पर हुआ झगड़ा

बरेला थाना प्रभारी सुशील चौहान ने बताया कि यादव परिवार में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हुआ है। पीड़ित दीपक यादव ने थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई है कि बड़े भाई के साले- और सुसर ने बेवजह उसके साथ मारपीट की यहां तक कि धारदार हथियार से हमला कर जान लेने की कोशिश की।

## शराब लेकर भाग रहे तस्कर को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा

**जबलपुर यश भारत।** आज सुबह मझौली थाना अंतर्गत पोला रोड मैं एक शराब माफिया के घर छापामार शैली में पहुंची पुलिस को देखकर तस्कर ने भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर दबोच लिया गया। शराब तस्कर के पास से पुलिस ने 60 लीटर महुआ की कच्ची शराब जप्त कर उसके अग्रिम कार्यवाही उक्त कार्रवाई थाना प्रभारी प्रभात शुक्ला के निर्देशन में एसआई गोविंद तिवारी रामसनेही पटेल प्रधान आरक्षक प्रदीप गौतम आरक्षक रामानंद तिवारी एवं क्राइम ब्रांच टीम से गोपाल विश्वकर्मा बलराम पांडे अतुल गर्ग एवं बालकृष्ण शर्मा द्वारा की गई। इस संबंध में पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि पोला रोड वार्ड नंबर 11 का रहने वाला उम्मीद कुमार पिता मंगल लाल काफी दिनों से शराब तस्करी कर रहा था उक्त आरोपी जंगल में कच्ची शराब तैयार कर ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई करता था किंतु इसके विरुद्ध पुलिस को कोई पुख्ता सबूत नहीं मिल रहे थे आज सुबह मुखबिर खास से पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की उक्त तस्कर घर में अवैध रूप से शराब लेकर कहीं बेचने की नियत से जा रहा है मुखबिर से उक्त सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल हरकत में आई और उसके ठिकाने पर पहुंची जहां पर उसने पुलिस को आते देख मौके से भागने का प्रयास किया बाद में पुलिस ने उसे घेराबंदी कर अपनी गिरफ्त में ले लिया पकड़े गए तस्कर के पास से हजारों रुपए की 60 लीटर कच्ची शराब जप्त कर उसके विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही की गई।

# फसलों के क्षेत्राच्छादन और उत्पादक में वृद्धि हेतु सार्थक प्रयास हों

## वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्य से जबलपुर संभाग के कृषि, डेयरी, मछली, उद्यानिकी विभाग की हुई समीक्षा

**जबलपुर।** अपर मुख्य सचिव सह कृषि उत्पादन आयुक्त के.के. सिंह ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जबलपुर संभाग के जिलों में रबी 2020-21 एवं खरीफ 2021 की फसलों के उत्पादन की समीक्षा की। इस दौरान श्री सिंह ने फसलों के क्षेत्राच्छादन और उत्पादकता में बढ़ोत्तरी हेतु सार्थक प्रयास के निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान जबलपुर संभाग के संभागायुक्त बी. चन्द्रशेखर सहित सभी जिलों के कलेक्टर्स, अपर कलेक्टर राजेश बाथम, संयुक्त संचालक कृषि कुमार नेताम, उपसंचालक कृषि, डेयरी, पशुपालन, सहकारिता, उद्यानिकी, कृषि अभियांत्रिकी और मत्स्य आदि कृषि संबद्ध विभाग के जिला अधिकारी जुड़े थे।

अपर मुख्य सचिव सह कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में रबी 2020-21 की समीक्षा एवं खरीफ 2021 की तैयारी के लिए जबलपुर संभाग की संभागीय समीक्षा बैठक वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से आज आयोजित की गई। बैठक में संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा पावर पाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से जबलपुर संभाग के जिलावार विगत वर्षों की प्रगति एवं आगामी वर्ष हेतु निर्धारित लक्ष्यों की बिन्दुवार जानकारी प्रस्तुत की गई। संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा संभागीय स्तर पर जिलावार रबी 2020-21 एवं खरीफ 2021 की फसलों के उत्पादन तथा उत्पादकता की जानकारी प्रस्तुत की गई तथा जिन जिलों में उत्पादन तथा उत्पादकता में कमी आ रही है उन जिलों के कलेक्टर से आ रही समस्या पर चर्चा की गई। जिलेवार क्षेत्राच्छादन एवं उत्पादकता की समीक्षा भी की गई। संचालक द्वारा अवगत कराया गया कि छिंदवाड़ा तथा जबलपुर जिले में रकबा बढ़ा है मंडला जिले में सरसों उत्पादन पर कार्य करने की आवश्यकता है। इन जिलों में लक्ष्य के अनुरूप फसलों के उत्पादन पर सराहना की गई। उन्होंने संभागायुक्त एवं जिला कलेक्टर्स को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप ही क्षेत्राच्छादन तथा उत्पादकता का कार्य किया जावे। अपर मुख्य सचिव द्वारा फसलों के क्षेत्राच्छादन तथा उत्पादकता में आ रही समस्याओं का निराकरण कर निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। संचालक कृषि द्वारा खरीफ बीज व्यवस्था के बारे में जानकारी प्रस्तुत की गई। संभाग स्तर पर जिलों में बीज व्यवस्था को लेकर क्या कार्य किया जा रहा है उसकी जानकारी प्रजेन्टेशन के माध्यम से प्रस्तुत की गई। संचालक कृषि ने विभागीय जिला अधिकारियों को कहा कि किसानों को सलाह दी जावे की वह अच्छी किस्म के बीज का इस्तेमाल करें। संचालक कृषि ने जबलपुर संभाग के जिला कलेक्टर्स को कोदो कुटकी का उत्पादन तथा रकबा बढ़ाने के संबंध में कार्य करने के लिये कहा गया। कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने कहा कि जिले में धान की फसल में रूझान होने के कारण उत्पादन बढ़ा है। मंडला कलेक्टर ने कहा कि जिले में बीज की उपलब्धता ठीक है। श्री गुलबीर सिंह पवार प्रबंधक राष्ट्रीय बीज निगम ने बताया कि निगम के पास सभी किस्म के बीज उपलब्ध हैं। जिलों की डिमांड अनुरूप उन्हें बीज उपलब्ध करा दिया जायेगा। अपर मुख्य सचिव किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा जबलपुर संभाग के संभागायुक्त एवं जिला कलेक्टर्स को निर्देशित किया कि जिलों में बीज की उपलब्धता हेतु सतत मॉनिटरिंग की जावे। सोसायटी के माध्यम से बीज उपलब्ध कराया जाता है आप सोसायटी में पहले से बीज डिमांड भेजकर बीज प्राप्त कर सकते हैं। पहले से बीज की डिमांड प्राप्त होने पर सोसायटी द्वारा बीज उपलब्ध कराया जाता है। प्रमुख सचिव कृषि ने कलेक्टर्स को निर्देशित किया कि सोसायटी में बीज का स्टाक किसानों को दिखता रहना चाहिए ऐसी व्यवस्था की जावे। जिलों को हाईब्रीड के बीज की प्रोडेक्टिविटी के बारे में जानकारी देने हेतु निर्देश दिये गये। श्री राजीव चौधरी संचालक कृषि अभियांत्रिकी ने बताया कि धान जबलपुर संभाग की मुख्य फसल हैं। धान की उत्पादकता को बढ़ाने में राईस ट्रांसप्लांटर का उपयोग किया जा सकता है। राईस ट्रांसप्लांटर के उपयोग से धान की उत्पादकता में वृद्धि हो जाती है। मण्डला, बालाघाट तथा डिण्डौरी जिले में धान की खेती राईस ट्रांसप्लांटर का उपयोग किया जा सकता है।सहकारिता विभाग द्वारा ऋण व अपर मुख्य सचिव सह कृषि उत्पादन आयुक्त ने जबलपुर संभाग के संभागायुक्त एवं जिला कलेक्टर को निर्देशित किया कि फसल ऋण वसूली, गबन, धोखाधड़ी तथा ऐसे समस्त प्रकरण जिनसे शासन को राजस्व की हानि हो रही है उन सभी प्रकरणों को अधिक से अधिक बैठकें आयोजित कर निराकरण किया जाये।

## वर्तिका की मासिक काव्य गोष्ठी

# साहित्य से मिलती है चेतना

जबलपुर। कला-साहित्य के क्षेत्र में 35 वर्षों से क्रियाशील संस्था वर्तिका द्वारा मासिक काव्य गोष्ठी का ऑनलाइन आयोजन किया। गोष्ठी की मुख्य अतिथि कवयित्री ममता जबलपुरी थीं।अध्यक्षता वरिष्ठ कवि राजेंद्र जैन रतन ने की। सारस्वत अतिथि डॉ. राजलक्ष्मी शिवहरे,मीना भट्ट, विजेंद्र उपाध्याय एवं विशिष्ट अतिथि ज्योत्सना शर्मा, सिद्धेश्वरी सराफ,वंदना सोनी थीं। संयोजक विजय नेमा अनुज ने मासिक ऑनलाइन काव्यगोष्ठी के महत्व पर प्रकाश डाला।वर्तिका के अध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव,कार्यकारी अध्यक्ष राजेश पाठक प्रवीण एवं महासचिव संतोष नेमा संतोष के साथ अतिथियों ने कहा कि समाज की मूल भावनाओं से जुड़ा साहित्य अंतर्मन को प्रेरणा देता है।मन की सुप्त चेतना को जागृत करने के लिए समसामयिक सृजन ही नई दृष्टि दे सकता है क्योंकि श्रेष्ठ साहित्य में विसंगतियों से जूझने का मार्ग समाहित रहता है। गोष्ठी का प्रारंभ अर्चना गोस्वामी एवं श्वेता मिश्रा की भक्ति वंदना से हुआ।संचालन आशुतोष तिवारी एवं आभार यूनुस अदीब ने व्यक्त किया।अर्चना द्विवेदी गुदालू, मिथिलेश बड़गइयाँ,डॉ. मुकुल तिवारी ने अतिथि स्वागत किया।द्वितीय सोपान में आयोजित काव्य गोष्ठी में आत्मबल, प्रेरणा,साहस,प्रकृति,पर्यावरणऔर परमात्मा की आराधना से जु?ी कविताओं को प्रो.शरद नारायण खरे,डॉ.संध्या श्रीवास्तव,राजेन्द्र मिश्रा,मनोज शुक्ल मनोज,डॉ.सन्ध्या जैन श्रुति,बृंदावन राय सरल,प्रभा विश्वकर्मा शील,कृष्णा राजपूत,डॉ.सलमा जमाल,मिथिलेश,रुचिता तुषार नीमा,निशि श्रीवास्तव लखनऊ,मधु कौशिक,उमा मिश्रा च्प्रीतिज,रमेश श्रीवास्तव चातक, एड.प्रभा खरे इलाहाबाद,डॉ.राजेश ठाकुर, राजकुमारी रैकवार,छाया त्रिवेदी,डॉ.आशा श्रीवास्तव, उर्मिला श्रीवास्तव,आशा जैन,डॉ.संध्या शुक्ल च्मृदुलज्ज मंडला,अपर्णा दुबे,प्रभा गावंडे सिवनी,कविता नेमा, चन्दा देवी स्वर्णकार,मनोहर चौबे आकाशज,प्रभा श्रीवास्तव बच्चन,उर्मिला श्रीवास्तव, कुंजीलाल चक्रवर्ती, निर्झर,इन्द्र बहादुर श्रीवास्तव,दीपेश दवे,रत्ना ओझा रत्न,कालिदास ताम्रकार काली ने प्रस्तुत कीं।



## संपादकीय

# वुहान लैब पर सवालों का सैलाब

पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को चौपट करके व्यापक मानवीय क्षति पहुंचाने वाले कोरोना वायरस की उत्पत्ति को लेकर दुनिया में शक की सूई पहले से चीन की तरफ रही है क्योंकि वह जितनी तेजी से इस संकट से उबरा और अप्रत्याशित आर्थिक तरक्की इस दौर में की, उसने कई सवालों को जन्म दिया। उसने इस संकट से बचाव के उपकरणों, दवा व वैक्सीन की जैसी तैयारी कर रखी थी, उसने भी संदेह पैदा किया। यहां तक कि कूटनीतिक साम्राज्यवाद के साथ अभूतपूर्व जीडीपी में उछाल तथा अंतरिक्ष में जैसे कामयाबी के झंडे उसने उस दौर में गाड़े, जब पूरी दुनिया में मानवता संकट से कराह रही थी। हालांकि, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शुरू से इसे चीनी वायरस बता कर वुहान लैब की देन बताते रहे, लेकिन उन्हें गंभीरता से नहीं लिया गया। अब नये अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को 90 दिन में कोरोना वायरस की वुहान थ्योरी से पर्दा उठाने का आदेश दिया है। हालांकि, इससे पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन के विशेषज्ञों की टीम ने वुहान का दौरा करके वायरस की लैब थ्योरी को जितनी जल्दी खारिज किया, उसने भी कई सवालों को जन्म दिया। पूरी दुनिया में कोरोना वायरस की उत्पत्ति का पता लगाने के लिये गंभीर जांच की मांग उठ रही है। एक नये सनसनीखेज दावे में कहा गया है कि इस वायरस को चीन के वैज्ञानिकों ने वुहान लैब में तैयार किया था। इसके बाद वायरस को रिवर्स इंजीनियरिंग वर्जन से छिपाने की कोशिश हुई थी, ताकि दुनिया को लगे कि यह कोरोना वायरस चमगादड़ से प्राकृतिक रूप से विकसित हुआ है।दरअसल, ब्रिटेन के प्रोफेसर एंगस डल्गालिश और नार्वे के विज्ञानी डॉ. बिर्गर सोरेनसेन ने एक अध्ययन में दावा किया कि इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि कोरोना वायरस सार्स-कोव-2 प्राकृतिक रूप से पैदा हुआ है। इसे एक विशेष प्रोजेक्ट पर काम करने वाले चीनी विज्ञानियों ने तैयार किया है, जिसमें प्राकृतिक वायरस में फेरबदल करके उसको अधिक संक्रामक बनाने का काम लैब में किया गया है। अध्ययन में दावा किया गया कि गुफाओं में रहने वाले चमगादड़ों से प्राकृतिक कोरोना वायरस निकाला गया और उसे स्पाइक से चिपकाकर घातक व तेजी से फैलने वाला बनाया गया है। शोधकर्ताओं का दावा है कि उन्होंने कोविड-19 के सैंपल में एक 'यूनिक फिंगरप्रिंट' पाया है, जिसके बाबत कहा गया कि यह लैब में वायरस के साथ छेड़छाड़ से ही संभव था। उनका कहना है कि उनके पास वायरस पर रेट्रो-इंजीनियरिंग के सुबूत थे, लेकिन उनकी रिपोर्ट को प्रमुख जर्नलों ने अनदेखा किया। आरोप है कि चीन ने इससे जुड़ा डाटा नष्ट किया है। वहीं अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पियो का भी कहना है कि चीन की वुहान लैब में शोध के साथ सैन्य गतिविधियां भी होती थीं, जिससे पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के लोग भी जुड़े रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा खुफिया एजेंसियों को तीन माह में जांच के आदेश के साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने वर्ल्ड हेल्थ असेंबली में चीन का नाम लिये बगैर डब्ल्यूएचओ से कहा कि कोरोना वायरस कहां से फैला, इस बाबत जांच का अगला चरण पारदर्शी होना चाहिए। दरअसल, विश्व स्वास्थ्य संगठन भी चीन के सुर में कहता रहा है कि वायरस वुहान के सी-फूड मार्केट में पाया गया था। यानी वायरस जानवरों से इंसान में फैला है। वहीं वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट के हवाले से छापा है कि वर्ष 2019 नवंबर में वुहान लैब के तीन सदस्यों को कोविड जैसे लक्षणों वाली बीमारी की वजह से अस्पताल जाना पड़ा था।

# बेलगाम सोशल मीडिया की जवाबदेही

**देश में पिछले कई साल में, विशेषकर नागरिकता संशोधन कानून और तीन कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन, दिल्ली में हुई सांप्रदायिक हिंसा और कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान, सोशल मीडिया की भूमिका लगातार विवादों का केंद्र रही है। इस महामारी के दौरान सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफार्म पर निराधार और दूसरों को ठेस पहुंचाने वाली खबरों, वीडियो क्लिप और टीका-टिप्पणियों का बोलबाला रहा है। आरोप है कि सोशल मीडिया पर इस तरह की खबरें सिर्फ अफवाह और भ्रम का माहौल ही नहीं पैदा कर रहीं बल्कि सामाजिक समरसता के ताने-बाने को भी तार-तार करने में भूमिका निभा रही हैं।**




ऐसा नहीं है कि भारत सरकार ने कटुता और तनाव पैदा करने वाली सामग्री अपलोड करने वाले स्रोत की जानकारी प्राप्त करने के लिये इन सोशल मीडिया कंपनियों से सहयोग नहीं मांगा। लेकिन इन कंपनियों ने अपनी ही ठसक में इसकी परवाह नहीं की। यही नहीं, न्यायपालिका द्वारा ऐसी सामग्री के प्रचार-प्रसार को लेकर चिंता व्यक्त करने तथा उचित कार्रवाई के उपाय खोजने पर जोर दिये जाने के बावजूद अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर इन कंपनियों ने इसकी भी परवाह नहीं की।

सरकार और न्यायपालिका द्वारा सोशल मीडिया की भूमिका पर चिंता व्यक्त करने का भी व्हाट्सएप, ट्विटर और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया मंचों पर इसका कोई असर नहीं हो रहा था। इनके रवैये की पराकाष्ठा सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस के बीच टूलकिट को लेकर छिड़े विवाद में ट्विटर की अचानक पेशबंदी ने स्थिति को बहुत गंभीर बना दिया। चूंकि मामला पुलिस की जांच से जुड़ा था, इसलिए सरकार ने ट्विटर के खिलाफ कार्रवाई के लिये कमर कस ली।

जांच प्रक्रिया में अचानक ही हस्तक्षेप करने की ट्विटर की कार्रवाई का नतीजा यह हुआ कि सरकार ने इन सोशल मीडिया मंचों पर अंकुश लगाने और देश के कानूनों का पालन करने के लिये अंततः सख्त कदम उठा लिये। सरकार ने इन सभी सोशल मीडिया मंचों को देश के कानून और नियमों के अनुरूप काम करने के लिये दिये गये निर्देशों पर तीन महीने के भीतर अमल नहीं करने वाले प्लेटफार्म के खिलाफ अपना रुख कड़ा दिया।

सोशल मीडिया पर न्यायपालिका और न्यायाधीशों के प्रति अनर्गल और अभद्र भाषा के प्रयोग पर देश की शीर्ष अदालत पहले ही सख्ती दिखा रही थी और अब सरकार ने भी कड़ा रुख अपना लिया है। सरकार ने सोशल मीडिया कंपनियों के दोहरे मानदंडों पर सवाल उठाते हुये कहा है कि भारत में किसानों के आंदोलन और लाल किले पर कुछ शरारती तत्वों के हमले की घटना को ये अभिव्यक्ति की आजादी कहते हैं लेकिन जब वाशिंगटन में कैपिटल हिल्स पर लोगों ने हमला किया तो ट्विटर ने तत्कालीन राष्ट्रपति सहित सभी के अकाउंट बंद कर दिये थे।

सरकार ने टूलकिट प्रकरण पर कहा है कि मामला पुलिस की जांच के अधीन होने के दौरान ही ट्विटर का इसे 'मैन्यूपुलेटेड' बता देना भारत की जांच प्रक्रिया में हस्तक्षेप है। पुलिस इस मामले की जांच में ट्विटर का सहयोग चाहती है और जानना चाहती है कि आखिर किन साक्ष्यों के आधार पर उसने इस प्रकरण को 'मैन्यूपुलेटेड' करार दिया।

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने इस मामले में सरकार के कड़े रुख को इंगित करते हुए कहा कि जब अमेरिकी सीनेट इन कंपनियों को पेश होने के लिये कहती है तो ये तुरंत हाजिर हो जाती हैं लेकिन जब भारत की संसदीय समिति बनती है तो ये कंपनियां तमाम नानुकुर करने लगती हैं। यह नहीं चलेगा। सोशल मीडिया कंपनियों को भारत का कानून मानना होगा।सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि इन कंपनियों का दोहरा चरित्र है। किसी भी तरह की शिकायत के मामले में इन कंपनियों का कहना होता है कि अमेरिका में शिकायत करें। आखिर जब आप कमाई भारत में कर रहे हैं तो इसकी शिकायत करने लोग अमेरिका क्यों जायेंगे? किसी की झूठी तस्वीर वायरल होने, किसी के बारे मे अपमानजनक टिप्पणियां या गलत आरोप लगाये जाने के मामले में देशवासियों के पास शिकायत के लिये भारत में विकल्प उपलब्ध नहीं है और इसी वजह से सोशल मीडिया के लिये नये कानून लागू किये गये हैं।

फेसबुक जैसे सोशल मीडिया पर ऐसे लोगों की बहुत बड़ी संख्या हैं जो अपनी पहचान छिपा कर फर्जी नामों से सक्रिय हैं। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक, निराधार तथा फर्जी पोस्ट तथा वीडियो क्लिप अपलोड करने वाले तत्वों में अधिकांश यही छद्म उपभोक्ता हैं, जिनकी पोस्ट को विभिन्न मुद्दों पर सरकार से असहमति रखने वाले लोग सत्य मानते हुए अनायास ही इन्हें साझा कर लेते हैं। इस तरह के गुमनाम तत्वों की पहचान का पता लगाना और इनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई भी जरूरी है।

कोरोना महामारी की दूसरी लहर के दौरान सरकार एक साथ कई मोर्चों पर युद्ध कर रही है और इनमें सोशल मीडिया भी एक प्रमुख मोर्चा है जिस पर तमाम अपुष्ट और अभद्र पोस्टों की भरमार रहती है। इन मंचों पर तो ऐसा लगता है कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सांपद्रायिक कटुता, वैमनस्य और जनता के बीच अविश्वास पैदा करने वालों की बाढ़ आई है। कोई नहीं जानता कि इन तत्वों की जवाबदेही किसके प्रति है।

ऐसी स्थिति में देश में सांप्रदायिक समरसता और संविधान के अनुसार व्यवस्था बनाये रखने के लिये जरूरी है कि सोशल मीडिया के माध्यम से असंतोष, अविश्वास और अशांति पैदा करने के प्रयास करने वाले तत्वों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, आपदा प्रबंधन कानून, महामारी बीमारी कानून और सूचना प्रौद्योगिकी कानून के प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जाए।

**अनूप भटनागर**

# आप का राशिफल 2 जून

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेगें। शुभांक-2-4-5

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6

## फिल्म वर्ग पहेली- 5452



**ऊपर से नीचे:-**

१.'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
२. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की फिल्म-३
३. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
४. गीफा अवार्ड्स में किस को फिल्म 'रंग दे बसंती' के लिये सर्वश्रेष्ठ संगीतकार का पुरस्कार मिला था-४
५. ओमपुरी, शबाना आजमी, माधुरी की सुधीर मिश्रा निर्देशित फिल्म-३
८. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीना राय की १९९२ की एक फिल्म-४
१०. जिमी, उदय चोपड़ा, इरफान, नम्रता की 'राहें लहरा के हम से' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'रंग और नूर की बारात किसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना की फिल्म-३
१४. मिथुन, सारिका की 'साथी है हम जनमों के' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली रंजन, चित्रा जयश्री की फिल्म-३
१७. मिथुन, चंकी, ऋतुपर्णा, सोमी की 'जब मैंने तेरा' गीत वाली फिल्म-३,२
१९. फिल्म 'बंदिवी' की नायिका कौन थी-३
२१. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की 'बेईमान पिया रे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिरोज खान, मुमताज की फिल्म-४
२३. विनोद खन्ना, आमिर, सैफ, अश्विनी भावे, रवीना, नीलम की 'हम बंजारे दिल नहीं देते' गीत वाली फिल्म-४
२६. जितेन निर्देशित मिथुन चक्रवर्ती, राखी, नीता मेहता की १९८६ की एक फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, संजीवकुमार, सचिन, हेमा, राखी, पूनम ढिल्लों की फिल्म-३
३. 'दिल मेरा कहता है' गीत वाली सुनील, हरीश, सोनाली की फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की फिल्म-३
७. 'नीले गगन के तले' गीत वाली सुनील दत्त, मुमताज की फिल्म-४
९. 'जुबलीकुमार' राजेंद्रकुमार की पहली फिल्म जिसकी नायिका गीता बाली थी-३
११. अशोककुमार, नादिरा की 'काहे जादू किया मुझको' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुपर हिट फिल्म 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम क्या था-२
१५. कुमार गौरव, शरनाज की 'जिंदगी कब तुम को' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'आजा आजा मैं हूँ प्यार' गीत वाली शम्मीकपूर, आशा की फिल्म-३,३
१८. सतीश कौल, सरिता की बी. आर इशारा निर्देशित १९७४ की एक फिल्म-३
१९. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख शेख, पूनम का फिल्म-२
२०. गोविंदा, रवीना की 'तेरे प्यार ने ये क्या कर दिया' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'दुनिया में कितना' गीत वाली राजेश खन्ना, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
२४. मनोज बाजपेयी, उर्मिला की जोड़ी वाली रामगोपाल वर्मा की एक फिल्म-२
२५. 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली महीपाल, संध्या की फिल्म-४
२६. विनोद मेहरा, मौसमी की 'तेरे नैनों के मैं दीप' गीत वाली फिल्म-४
२७. 'हम' में नायिका किमी काटकर के किरदार का नाम क्या था-२
२८. बलराज साहनी, लीला की 'हाये रे वो दिन क्यूं ना' गीत वाली फिल्म-४

**फिल्म वर्ग पहेली- 5451**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | र | दे | स | | शा | ली | मा | र | |
| हे | | व | र | दा | न | | सु | | ही |
| ली | ड | र | | न | | ओ | म | का | रा |
| | र | | शि | व | रा | म | | पों | |
| जु | | दा | वा | | ज | | फ | रे | ब |
| बै | रा | ग | | चा | ह | त | | ट | |
| दा | | | शि | | ठ | | दा | | अ |
| | स | त्य | का | म | | श | मा | | न |
| दौ | ड़ | | र | जा | मु | रा | द | | क |
| | क | र्ज | | ल | | बी | | जू | ही |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 5973

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5972 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## प्रेरक प्रसंग

# मुझे भी गुरु बनना है...

एक नवदीक्षित शिष्य ने अपने गुरु के साथ कुछ दिन व्यतीत करने के बाद एक दिन पूछा- गुरुदेव, मेरा भी मन करता है कि आपकी ही तरह मेरे भी कई शिष्य हों और सभी मुझे भी आप जैसा ही मान-सम्मान दे। गुरु ने मंद-मंद मुस्कुराते हुए कहा- कई वर्षों की लंबी साधना के पश्चात अपनी योग्यता और विद्वता के बलबूते पर तुम्हें भी एक दिन यह सब प्राप्त हो सकता है।

शिष्य ने कहा- इतने वर्षों बाद क्यों? मैं अभी ही अपने शिष्यों को दीक्षा क्यों नहीं दे सकता?

गुरु ने अपने शिष्य को तख्त से उतरकर नीचे खड़ा होने को कहा। फिर स्वयं तख्त पर खड़े होकर कहा- जरा मुझे ऊपर वाले तख्त पर पहुंचा दो।

शिष्य विचार में पड़ गया। फिर बोला- गुरुदेव ! भला मैं खुद नीचे खड़ा हूं, फिर आपको ऊपर कैसे पहुंचा सकता हूं? इसके लिए तो पहले खुद मुझे ही ऊपर आना होगा। गुरु ने मुस्कुराकर कहा- ठीक इसी प्रकार यदि तुम किसी को अपना शिष्य बनाकर ऊपर उठाना चाहते हो, तो तुम्हारा उच्च स्तर पर होना भी आवश्यक है। शिष्य गुरु का आशय समझ गया। वह उनके चरणों में गिर गया।

# वसीयत और नसीहत




एक दौलतमंद इंसान ने अपने बेटे को वसीयत देते हुए कहा, बेटा मेरे मरने के बाद मेरे पैरों में ये फटे हुऐ मोजे (जुराबें) पहना देना, मेरी यह इच्छा जरूर पूरी करना।

पिता के मरते ही नहलाने के बाद बेटे ने पंडितजी से पिता की आखिरी इच्छा बताई।

पंडितजी ने कहा- हमारे धर्म में कुछ भी पहनाने की इजाजत नहीं है।

पर बेटे की जिद थी कि पिता की आखिरी इच्छा पूरी हो। बहस इतनी बढ गई कि शहर के पंडितों को जमा किया गया, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला।

इसी माहौल में एक व्यक्ति आया और आकर बेटे के हाथ में पिता का लिखा हुआ खत दिया जिस में पिता की नसीहत लिखी थी-

मेरे प्यारे बेटे, देख रहे हो...? दौलत, बंगला, गाड़ी और बडी-बडी फैक्टरी और फॉर्म हाउस के बाद भी मैं एक फटा हुआ मोजा तक नहीं ले जा सकता। एक रोज तुम्हें भी मृत्यु आएगी, आगाह हो जाओ। तुम्हें भी एक सफेद कपड़े में ही जाना पडेगा। लिहाजा कोशिश करना, पैसों के लिए किसी को दुःख मत देना, गलत तरीके से पैसा न कमाना, धन को धर्म के कार्य में ही लगाना, क्योंकि अर्थी में सिर्फ तुम्हारे कर्म ही जाएंगे।

## विचार प्रवाह



भारत विश्व का गुरु था, विश्व का गुरु है, और विश्व का गुरु रहेगा। भारत की आध्यात्मिक शांति के आगे हर महाशक्ति को झुकना होगा। भारत शब्द का मतलब है जो प्रकाशमान है। भारत चमक रहा है, क्योंकि सूरज हमेशा पूरब से ही निकलता है। भारत के पास सब कुछ है। इसके बावजूद यहां के लोग पश्चिमी संस्कृति की नकल करने में लगे हुए हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। हमें अपने नौजवानों को अपनी जड़ों से जोड़ना है। जड़ों से जुड़कर ही हम अपनी संस्कृति और सभ्यता को संवार सकते हैं।

**मुनिश्री तरुणसागर**

## शब्द पहेली - 7035



**बाएँ से दाएँ**

1.कृष्ण का एक नाम-4,3
6.धन,संपत्ति-2
7.इस युवती को बयान बदलने पर जेल की सजा हुई है-3
8.विजय,फतह-2
10.आम जनता,लोग-2
11.लाभ,कुल योग-2
13.निर्माण,कृति-3
14.उत्तर-3
15.नष्ट,विनाश-2
17.रुस्तमे हिंद का सिर्फ नाम-2
18.तह,अस्तर-2
20.राजी होना-3
21.अवरोध,रुकावट-2
22.आतंक फैलना-4,3

**ऊपर से नीचे**

2.भिड़ंत,मुठभेड़-3
3.इस्लामी महीना-4
4.हाथी,गज-4
5.न्यायाधीश-2
6.जोरदार-5
9.लालसी,आकांक्षी, पिपासु-5
10.स्त्रीत्वपूर्ण,स्त्रीय-3
12.वृतांत,घटना-3
16.हल,निष्कर्ष-4
17.राशन,भोजन-4
19.घोड़ा गाड़ी-2
21.रुकावट,अवरोध-3

**शब्द पहेली -7034 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | प | ना | प | न | | प | क | ना |
| रा | ल | | त | | ख | स | म | |
| ज | | का | न | न | | | जो | श |
| क | ह | र | | क | र | ता | र | |
| ता | | ग | | छे | | र | | फ |
| | ब | र | ग | द | | ता | मी | र |
| द | गा | | | न | ज | र | | मा |
| | व | त | न | | ह | | पा | ई |
| फ | त | ह | | स | र | फ | रो | श |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# पुलिस की पहरेदारी में भोपाल हुआ अनलॉक

**भोपाल।** समूचे प्रदेश के साथ-साथ राजधानी भोपाल को भी आज से अनलॉक कर दिया गया। जिला प्रशासन ने कुछ प्रतिबंधों के साथ व्यावसायिक प्रतिष्ठान खोलने और लोगों को आवाजाही की छूट दी है। लोग घरों से जरूरी सामान खरीदने बाजार में निकल आए हैं। बाजार खुलते ही थाना स्तर पर पुलिस भी निगरानी करने बाजारों में उतार आई है। पूरे शहर की निगरानी के लिए आला अधिकारियों के निर्देश पर 2100 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। चेकिंग प्वाइंट पर रोजाना की तरह चेकिंग की जा रही है। बाजारों में शारीरिक दूरी और मास्क पहने व्यक्ति को ही सामान देने की चेतावनी पुलिस की ओर से दी जा रही है। छह लोगों से अधिक लोगों के एक स्थान पर जमा होने पर उनको हटाया जा रहा है। पुलिस के आला अधिकारियों के अनुसार भोपाल के न्यू मार्केट, दस नंबर मार्केट, बिट्टन मार्केट, गोविंदपुरा गांधी मार्केट, पिपलानी, चूनाभट्टी जैसे इलाकों पुलिस सुबह से ही लोगों की आवाजाही नियंत्रित करने के लिए पहुंच गई थी। दुकानें खुलने के बाद व्यापारियों को भी गाइडलाइन का पालन करने के लिए कहा जा रहा है। ऐसा न करने वालों पर 188 के तहत कार्रवाई की जाएगी।इस समय मंगलवारा और हनुमानगंज के बाजार जुमेराती, इतवारा और हमीदिया रोड पर पुलिस को ज्यादा चौकन्ना रहने की लिए कहा गया है।

### दो हजार से ज्यादा जवान कर रहे निगरानी




पुलिस की टीम काजी कैंप में लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। लॉकडाउन के दौरान इन बाजारों में सबसे ज्यादा पुलिस को परेशान आई थी। यहां पर लोगों ने पुलिस पर हमला भीकर दिया था। डीआइजी इरशाद वली ने बताया कि थानास्तर पर सीएसपी बाजारों पर पुलिस की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। दो हजार से ज्?यादा पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ शहर को अनलॉक किया गया है। किसी भी गाइडलाइन का उल्लंघन पर कार्रवाई करेंगे।

# बीयू की 11 जून से यूजी और 21 से पीजी की शुरू होगी परीक्षाएं, तीन लाख विद्यार्थी होंगे शामिल

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में सथित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) में 11 से 18 जून तक यूजी और 21 से 25 जून तक पीजी के अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं ओपन बुक पद्धति से ली जाएंगी। इसमें विद्यार्थी घर बैठकर अपनी कॉपियों में आंशर लिखेंगे। यूजी के विद्यार्थी 19 जून और पीजी के परीक्षार्थी 26 जून तक कॉपियों को परीक्षा केंद्रों पर जमा करेंगे। विद्यार्थी परीक्षा में किसी भी प्रकार का फजीवाड़ा करता है, तो उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त कर दी जाएगी। बीयू ने सप्लीमेंट्री परीक्षाओं के रिजल्ट जारी कर दिए हैं। उन्हें परीक्षाओं में शामिल करने परीक्षा फार्म जमा करने की तिथि में दस दिन की बढ़ोतरी की गई है। विद्यार्थी 11 जून से शुरू होने वाली परीक्षा के एक दिन पहले यानी दस जून तक परीक्षा फार्म कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। इसके तहत बीयू ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाओं के आवेदन जमा करने की तारीख 30 मई से बढ़ाकर दस जून कर दी है, क्योंकि 11 जून से बीए, बीकॉम, बीएससी, बीएससी होमसाइंस, बीए मैनेजमेंट, बीबीए, बीकॉम आनर्स के ओपन बुक परीक्षा शुरू हो जाएंगे। बता दें, कि प्रदेश के सभी आठ विवि में यूजी-पीजी में करीब 18 लाख और बीयू की परीक्षा में तीन लाख विद्यार्थियों के शामिल होने का अनुमान है। जून में होने वाली परीक्षाओं के रिजल्ट जुलाई और जुलाई में होने वाली सभी परीक्षाओं के रिजल्ट अगस्त में जारी किए जाएंगे।विभाग ने सभी विवि को बिना अतिरिक्त शुल्क के 10 जून तक आवेदन स्वीकार करने के लिए कहा है। इस आदेश के बाद बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाओं के आवेदन जमा करने की तारीख सामान्य फीस के साथ 10 जून तक बढ़ा दी है। साथ ही पूरक परीक्षाओं के बीए, बीकॉम, बीएससी, बीएससी होमसाइंस, बीए मैनेजमेंट, बीबीए, बीकॉम आनर्स के सभी विद्यार्थी अपने परीक्षा आवेदन एमपी ऑनलाइन के माध्यम से सामान्य शुल्क के साथ जमा कर सकेंगे। बीयू ने सभी छात्रों के लिए फीस चार्ट वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। विद्यार्थियों को 25 रुपए का पोर्टल चार्ज अलग से देना होगा।





# शहर में धारा 144 लागू, कोरोना संक्रमित भी मिल रहे, तब भी खोल रहे वन विहार

**भोपाल।** शहर में धारा 144 लागू है। कोरोना के नए मरीज भी मिल रहे हैं। इसके बावजूद वन विहार नेशनल पार्क को पर्यटकों के लिए खोलने का निर्णय ले लिया गया। आज से इस पार्क को खोल दिया जाएगा। यह सप्ताह में सोमवार से गुरुवार तक चार दिन खुलेगा। स्वाभाविक है कोरोना कर्फ्यू में घरों में रहे लोग पार्क घूमने निकलेंगे। इस तरह घर से पार्क तक जाने—आने में दूसरे लोगों के संपर्क में आ सकते हैं। ऐसे में संक्रमण फैलने का खतरा हो सकता है।दरअसल, प्रदेश के वन मंत्री विजय शाह के निर्देश पर शासन ने सभी पार्कों को खोलने का निर्णय लिया है। ये 30 जून तक खुले रहेंगे। मंशा उन पार्कों को खोलने की है, जिन पर हजारों गाइडों का परिवार निर्भर रहता है। पार्क खुलने से गाइडों को रोजगार मिलेगा, उनका परिवार चलेगा।वन विहार नेशनल पार्क में गाइड नहीं है, पार्क से स्थानीय लोगों को रोजगार भी नहीं मिलता। फिर भी इसे खोलने का निर्णय लिया है। बता दें कि स्थानीय प्रबंधन ने पार्क खोलने के मंत्री व शासन के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए निर्णय ले लिया, जबकि भोपाल कलेक्टर द्वारा जारी गाइडलाइन व नियमों को संज्ञान में नहीं लिया। संभवत: इसी कारण से गफलत है। हालांकि पार्क प्रबंधन की तरफ से कहा गया कि पार्क सप्ताह में चार दिन ही खुलेगा। बाकी के दिनों में बंद रहेगा। इस संबंध में डायरेक्टर अजय यादव ने कहा कि वे निर्णय की समीक्षा करेंगे।इस संदर्भ में विशेषज्ञों ने राय जताई कि पार्क में आवाजाही से वन्यप्राणी सीधे तौर पर नहीं, लेकिन प्रभावित होते है। आवाजाही बंद होने पर शांति बनी रहती है। ऐसा भी नहीं है कि पार्क प्रबंधन को पर्यटकों से मिलने वाले राजस्व की नितांत जरूरत है। स्थानीय प्रशासन की गाइडलाइन भी सार्वजनिक स्थलों को खोलने से बचने जैसी है। ऐसे में पार्क खोलने के निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए।

# भोपाल में शाम तक खुले रहेंगे सांची पार्लर




**भोपाल।** शहर में अनलॉक की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आज से सांची पार्लर शाम तक खुले रहेंगे। कोरोना कर्फ्यू के दौरान पार्लरो को सुबह निर्धारित समय के लिए खोला जा रहा था, दिन में दूध की किल्लत हो रही थी, जो अब नहीं होगी। भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के अधिकारियों का कहना है कि देर शाम तक तीन लाख लीटर दूध से अधिक सप?लाई का अनुमान है। कोरोना कर्फ्यू के दौरान 2.70 लाख लीटर दूध सप्लाई हो पाता था। दरअसल कोरोना कर्फ्यू में शहर के 1,000 से अधिक सांची पार्लरों को सुबह 9:00 बजे तक ही खुलने की अनुमति दी थी। एक जून से पार्लर सुबह से शाम तक खुले रहेंग। कोरोना कर्फ्यू के दौरान इन पार्लरों से रोजाना 2.70 लाख लीटर दूध की खपत हो रही थी। शर्तों के साथ हटाए गए कोरोना कर्फ्यू में लोगों की आवाजाही बढ़ गई है इसलिए दूध से बने दुग्ध उत्पाद जैसे सादा दही, नमकीन मट्ठा, मीठा दही, लस्सी की खपत भी बढ़ जाएगी। भोपाल सहकारी दुग्ध संघ ने मंगलवार सुबह दूध की अधिक सप्लाई दी है। दुग्ध उत्पाद की सप्लाई एक दिन पूर्व रात में कर दी गई थी।

### पार्लर संचालकों को भी फायदा

पार्लर दिन भर खुले रहने से जहां आम उपभोक्ताओं को सहूलियत होगी, वही पार्लर संचालकों को भी राहत मिलेगी। पार्लर बंद होने से हजारों परिवार प्रभावित थे, जो अब खुश हैं। पार्लर संचालक कोरोना कर्फ्यू के दौरान दो टाइम पार्लर खोलने की अनुमति मांग रहे थे। इसके पीछे तर्क दिया था कि पार्लर संचालक मध्यम परिवार के लोग हैं। कुछ की आय बहुत कम है। कर्ज लेकर पार्लर खोला है। ऐसे में दूध और दूध से बने दुग्ध उत्पादों को बेचने की अनुमति नहीं दी गई तो व्यवसाय प्रभावित होगा। किसानों पर भी इसका असर पड़ेगा।

# भोपाल में शाम छह बजे तक खुल सकेंगी हार्डवेयर, इलेक्ट्रिकल्स, बिल्डिंग मटेरियल की दुकानें

## रात आठ बजे से नाइट कर्फ्यू



**भोपाल।** राजधानी में मंगलवार से 15 जून तक के लिए कोरोना कर्फ्यू में ढील देने संबंधी आदेश कलेक्टर अविनाश लवानिया ने जारी कर दिया है। इसके अनुसार शहर में रात आठ बजे से नाइट कर्फ्यू लागू होगा, जो सुबह छह बजे खुलेगा। जबकि शुक्रवार रात आठ बजे से सोमवार सुबह छह बजे तक 58 घंटे का जनता कर्फ्यू रहेगा। इस अवधि में दूध डेयरी सुबह छह से नौ बजे तक तो केमिस्ट एवं स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित प्रतिष्ठान पूरे दिन खुले रहेंगे। वहीं इलेक्ट्रिकल्स, हार्डवेयर, मोटर रिपेयर एवं बिल्डिंग मटेरियल की दुकानें शाम छह बजे तक ही खुल सकेंगी।

### कब क्या-क्या खुलेगा

आदेश के अनुसार भोपाल में किराना, फल, सब्जी, आटा चक्की, पशु आहार एवं स्टेशनरी की दुकानें रात आठ बजे तक खुल सकेंगी। शहर में कोई भी साप्ताहिक हाट बाजार नहीं खुलेगा। फल-सब्जियां ठेलों पर ही बिकेंगी। नमकीन-मिठाई की दुकान शाम छह बजे तक ही खोली जा सकेंगी। होटल व रेस्टॉरेंट रात आठ बजे तक टेक होम की सुविधा दें सकेंगे। इसके अलावा होटल, रिसोर्ट, लाउंज, गेस्ट हाउस को खोलने की अनुमति रहेगी, लेकिन यहां सिर्फ ठहरने की सुविधा रहेगी।

### यलो और ग्रीन जोन में हो सकेंगे मनरेगा कार्य

भोपाल में यलो एवं ग्रीन जोन में ही निर्माण कार्य हो सकेगा। जबकि ऐसे गांव जो ग्रीन या यलो जोन में आते हैं, वहां मनरेगा के तहत कार्य हो सकेंगे।

### इन्हें रहेगी आने-जाने की छूट

टीकाकरण कार्य में लगे अधिकारियो-कर्मचारियों एवं टीका लगवाने वाले व्यक्तियों को आने-जाने के लिए छूट रहेगी। इसके साथ ही आवश्यक वस्तुओं के परिवहन, औद्योगिक इकाइयों के श्रमिकों, कच्चे माल तथा उत्पाद के परिवहन, बीमार व्यक्तियों के परिवहन एवं एयरपोर्ट व रेलवे स्टेशन आने-जाने की छूट रहेगी। प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने के लिए भी छूट मिलेगी।

# मट्टी, पानी, धूप और हवा, यह है सब रोगों की सस्ती, सुलभ दवा

**भोपाल।** प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ उठाकर खुद अपने डॉक्टर बनें। यह पद्धति सस्ती, सर्वसुलभ और आसान है। यदि आप इस पद्धति से इलाज करना सीख गए तो कभी डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। संत हिरदाराम गल?स कॉलेज में प्राकृतिक चिकित्सा विषय पर वेबिनार के दौरान आरोग्य केंद्र के चिकित्सक अर्जुन टेंवानी ने यह बात कही।उन्होंने कहा कि मिट्टी, पानी, धूप और हवा ही कई रोगों की दवा है। प्रकृति ने यह सब हमें उपहार में दिया है। खानपान में सुधार, शुद्ध हवा और शुद्ध पानी पीकर हम आजीवन स्वस्थ रह सकते हैं। स्वाद पर नियंत्रण रखें। चिंता न करें और अच्छी नींद लें। इससे आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी। कई बीमारियां नजदीक नहीं आएंगी। टेंवानी ने कहा कि चिंता शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। चिंता के कारण तनाव पैदा होता है जो कई बीमारियों का कारण बन सका है। इसी प्रकार अच्छी नींद नहीं लेने के कारण मन-मस्तिष्क अस्वस्थ रहता है। काम में मन नहीं लगता। प्रकृति की ओर से दिए गए उपहार का सेवन कर हम रोगों को दूर भगा सकते हैं।

# आंधी-बारिश से फसलों को नुकसान का होगा आकलन

## राजस्व और कृषि विभाग के मैदानी अधिकारी-कर्मचारी क्षति का आकलन करने के बाद सरकार को रिपोर्ट देंगे



**भोपाल।** आंधी के साथ तेज बारिश की वजह से प्रदेश में केला, मूंग सहित अन्य फसलों को हुए नुकसान का आकलन कराया जाएगा। राजस्व और कृषि विभाग के मैदानी अधिकारी-कर्मचारी क्षति का आकलन करने के बाद सरकार को रिपोर्ट देंगे, जिसके आधार पर राहत देने संबंधी निर्णय लिया जाएगा।। वहीं, किसानों को मूंग का समर्थन मूल्य दिलाने के लिए सरकार जल्द ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद करेगी। केंद्र सरकार से अनुमति मिलने के बाद खरीद के स्वरूप को लेकर निर्णय इसी सप्ताह किया जाएगा। प्रदेश में इस बार छह लाख 56 हजार हेक्टेयर में मूंग की फसल बोई गई है। इसमें अधिकांश क्षेत्र हरदा, होशंगाबाद और नरसिंहपुर जिले का है। रायसेन, विदिशा और सीहोर में भी किसान मूंग की खेती करने लगे हैं। पिछले दिनों हुई बारिश से यहां कुछ हिस्से में ऐसी फसल प्रभावित हुई है, जिसकी बोवनी पहले हो गई थी। फसल पकने के कारण यहां बारिश से नुकसान हुआ है। हालांकि, कृषि मंत्री कमल पटेल का कहना है कि इस बार मूंग की फसल बेहतर है। हरदा और होशंगाबाद में जब फसल को पानी की जरूरत थी, तब तवा नहर से पानी छुड़वाया गया। यही वजह है कि इस बार उत्पादन अधिक रहने की उम्मीद है।

### मिलेगी हर दाने की पूरी कीमत

कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि संकट की हर घड़ी में सरकार किसानों के साथ पूरी ताकत के साथ खड़ी है। उन्हें एक-एक दाने की पूरी कीमत दिलाई जाएगी। हालांकि बारिश से अभी तक नुकसान की सूचना नहीं है पर यदि कहीं नुकसान हुआ है तो उसका नियमानुसार आकलन होगा। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों की चिंता के कारण ही मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीद का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था, जो स्वीकार कर लिया गया है। मुख्यमंत्री से चर्चा करने के बाद खरीद की रणनीति तय होगी। पंजीकृत किसानों से ही 7,196 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से मूंग खरीदी जाएगी। पटेल ने बताया कि समर्थन मूल्य पर खरीद के पीछे रणनीति यही है कि किसानों को उपज की उचित कीमत मिले।

# चयनित शिक्षकों ने सीएम को जगाने के लिए सवा तीन लाख से ज्यादा ट्वीट किए




**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पिछले तीन वर्षों से शिक्षक भर्ती 2018 में पात्र पाए गए चयनित शिक्षकों की नियुक्ति को लगातार टालते रहने की वजह से अब युवा इंटरनेट मीडिया के माध्यम से अपनी मांग रख रहे है। सोमवार को एक दिन में उम्मीदवारों ने ट्वीटर के माध्यम से सवा तीन लाख से ज्यादा ट्वीट किए और जनता को बताया कि किस प्रकार सरकार उनके साथ अन्याय कर रही है। सभी चयनित शिक्षकों की नियुक्ति की मांग को लेकर लगातार ऑनलाइन आंदोलन चलाए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में 2018 से चली आ रही शिक्षक भर्ती 2021 में भी अधूरी है। 30 हजार चयनित शिक्षकों को लगातार इंतजार करना पड़ रहा है। बेरोजगार युवा नियुक्ति की मांग को लेकर अब थक चुके हैं। स्कूल शिक्षा विभाग कभी कोर्ट का बहाना तो कभी कोरोना का हवाला देकर लगातार भर्ती को आगे बढ़ता गया और अब 2021 आने पर भी यह भर्ती पूरी नहीं हो सकी है। शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में नियुक्ति की मांग को लेकर युवा ट्वीटर के माध्यम से अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाने का लगातार प्रयास कर रहे है। इसी के तहत चयनित शिक्षकों ने अपनी नियुक्ति के निवेदन को लेकर ट्वीटर पर हैशटैग चलाया। इससे मध्यप्रदेश के साथ दूसरे राज्यों के युवा भी जु.ड गए। नव चयनित शिक्षक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि चयनित शिक्षकों ने लगातार संघर्ष करके ये 2018 से 2021 का समय बेरोजगारी में व्यतीत किया है। अब मध्यप्रदेश सरकार जुलाई माह में नियुक्ति प्रदान करे। यही 30 हजार चयनित शिक्षकों के साथ न्याय होगा।

# उपद्रवियों से निपटने बीएसएफ ने बनाए नए ग्रेनेड-शेल

## सुरक्षा बलों के सामने अब उपद्रवियों का ज्यादा देर टिकना संभव नहीं होगा



**भोपाल।** सुरक्षा बलों के सामने अब उपद्रवियों का ज्यादा देर टिकना संभव नहीं होगा। इनके छक्के छुड़ाने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ग्वालियर की टेकनपुर अकादमी में अश्रु गैस इकाई ने नए ग्रेनेड और शेल तैयार किए हैं। कोरोना काल में ही अश्रु गैस इकाई की टीम ने शोध करके इन्हें तैयार किया है, जो पहले से अत्याधुनिक और ज्यादा प्रभावी ग्रेनेड-शेल हैं। बीएसएफ की यह अश्रु गैस इकाई देश में इकलौती है, जो पर्यावरण हितैषी शोध करते हुए ग्रेनेड-शेल तैयार करती है। तीन नए शोध में मिनी पैलेट टियर स्मोक ग्रेनेड, मल्टी पैलेट शार्ट रेंज शेल और क्विक रिलीज ग्रेनेड तैयार किए गए हैं। ग्वालियर की इस इकाई से देश-विदेश की सुरक्षा एजेंसियां भी ग्रेनेड और शेल लेती हैं। मनी पैलेट टियर स्मोक ग्रेनेड: नई तकनीक में अब मिनी पैलेट टियर स्मोक ग्रेनेड तैयार किया है, जो हवा में चार भागों में बंटकर उपद्रवियों के छक्के छुड़ा देगा। यह 20 सेकंड में अपना काम कर देता है और हवा में बंटकर अश्रु गैस छोड़ देता है। चार भागों में बंटने के कारण उपद्रवी इधर-उधर भी होंगे तो बच नहीं पाएंगे।मल्टी पैलेट शार्ट रेंज शेल: मल्टी पैलेट शार्ट रेंज शेल तैयार किया है, जो तीन भागों में बंटकर 60 मीटर तक मार करता है। यह गन से चलाया जाता है। इसमें से निकलने वाले धुंए के कारण उपद्रवी एक जगह पर नहीं टिक पाएंगे, उन्हें हटना ही पड़ेगा। क्विक रिलीज ग्रेनेड: क्विक रिलीज ग्रेनेड तैयार किया गया है, जो पांच सेकंड में पूरा धुंआ निकालकर अधिक संख्या में एकत्रित उपद्रवियों को भी तितर-बितर होने पर मजबूर कर सकता है। यह उपद्रवियों के ज्यादा संख्या में एकत्रित होने जैसी जगहों पर उपयोग के लिए तैयार किया गया है। कोरोना काल में रुके नहीं, लगातार नए शोध: कोरोना की पहली और दूसरी लहर ने जहां सभी को ठहरा दिया, ऐसी स्थिति में बीएसएफ की अश्रु गैस इकाई ने लगातार काम किया। काम नहीं बल्कि नए शोधों पर फोकस किया। जिसके परिणाम स्वरूप नए ग्रेनेड और शेल देश के लिए बनाकर दिए। सुरक्षा बलों को इससे विषम परिस्थिति में सहायता मिलेगी। वहीं देश का नाम भी बीएसएफ ने ऊंचा किया है।दूसरे देशों में भी ग्रेनेड-शेल की सप्लाई: ग्वालियर की बीएसएफ की अश्रु गैस इकाई के उत्पादों की डिमांड विदेश में भी है। दूसरे देशों के सुरक्षा बल ग्रेनेड और शेल की डिमांड करते हैं और डिमांड अनुसार इकाई इनकी सप्लाई करती है। वहीं देश के अलग-अलग राज्य जैसे विशेषकर जम्मू-कश्मीर और सीमा से सटे राज्यों की सुरक्षा एजेंसियों में इनकी मांग है। देश की सबसे बड़ी अकादमी टेकनपुर: अंतरराष्ट्रीय स्तर का श्वान प्रशिक्षण केंद्र, मोटर ट्रांसपोर्ट यूनिट, अश्रु गैस इकाई और आफिसर ट्रेनिंग यूनिट है, जो अपने आप में अलग हैं। देश के साथ विदेश से यहां सुरक्षा बल ट्रेनिंग के लिए आते हैं।

वर्ष 2020 में अश्रु गैस इकाई द्वारा दस नए उत्पादों को सफलतापूर्वक परीक्षण किया जा चुका है। जिनमें मल्टी पैलेट टियर स्मोक ग्रेनेड, मल्टी पेलेट शार्ट रेंज शेल, क्विक रिलीज ग्रेनेड शामिल हैं। इन्हें विभिन्न राज्यों के पुलिस बलों द्वारा इस्तेमाल के लिए अनुशंसित किया जा चुका है।

# आज से सिहोरा में आई इवन के तहत खुलेगीं दुकानें

**सिहोरा ।** आर्थिक गतिविधियों को गति प्रदान करने के उदेश्य से नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में शासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए सिहोरा में आज से किराना सहित अन्य सभी प्रकार की दुकानें आड ईवन के तहत सोसल डिसटेंसिग का पालन करते हुए खोली जायेगी उक्त आदेश विकासखण्ड क्राइसिस मेनेजमेंट कमेटी सिहोरा की बैठक में शासन से प्राप्त निर्देशों के तहत संक्रमण के फैलने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए लिये गये निर्णय के अनुसार रेस्ट हाऊस में आयोजित बैठक में एसडीएम जे. पी. यादव ने आदेश जारी किया ।

## सुबह 9 से शाम 6 बजे तक खुलेगा बाजार

आज मंगलवार से बाजार खुलने के संदर्भ में सिहोरा अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि 1 जून से कुछ शर्तो के तहत अनलॉक कि प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है जिसमें एक दुकान के बाद एक दुकान बंद रखने ( आर्ड ईवन )के लिये प्रतिदिन खोलने का निर्णय लिया गया है ताकि शोसल डिस्टेंसिंग का पालन हो सके , साप्ताहिक बजार पूर्णतः बंद रहेगा , सभी दुकानदारों एवं उनके कर्मचारियों को कोविड 19 का आटीपीसीआर परीक्षण कराना अनिवार्य होगा, प्रत्येक दुकान तथा उसमें कार्यरत कर्मचारियों का तीन दिन में वैक्सीन लगवाना अनिवार्य होगा, फुटकर किराना सहित अन्य दुकान खोलने का सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा, अधिक्तम 10 लोगो के साथ अंतिम संस्कार की अनुमति रहेगी।

## विवाह समारोह में शामिल होंगे 20 लोग

एसडीएम ने अपने आदेश में कहा है कि विवाह में दोनों पक्ष मिलाकर अधिक्तम 20 लोगों के साथ ही अनुमति रहेगी। प्रायोजन के लिये आयोजक को स्थानीय अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार को अतिथियों के नाम की सूचि आयोजन के पूर्व देना अनिवार्य होगा । शनिवार रात्रि 10 बजे से सोमवार प्रातः 6 बजे तक जनता कफूर्य प्रभावशील रहेगा अन्य सभी दिनों में रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक रात्रिकालीन कफर्यू प्रभावशील रहेगा। जिस भी स्थान पर 6 से अधिक व्यक्ति एकत्र होना है उनकी सूचि एसडीएम, तहसीलदार को देना अनिवार्य होगा।

**एसडीएम ने जारी किया आदेश**

## रेस्टारेंट एवं भोजनालय भी खुलेंगे

आदेश में कहा गया है कि समस्त रेस्टारेण्ट, होटल, भोजनालय कुल केपीसिटी के 50 प्रतिशत की उपस्थिती के लिये खुल सकेंगे, सभी कृषि गतिविधियों की अनुमति होगी। खाद्य बीज,कृषियंत्रों की दुकानें खुल सकेंगी, दुकान में गोले बनाकर ग्राहकों के मध्य दूरी सुनिश्चित कर शोसल डिस्टेंसिंग का पालन किया जाये, नो मास्क नो सर्विस अर्थात जिस ग्राहके चहरे पर मास्क नहीं होगा तो उसे दुकानदार द्वारा कोई समान विक्रय नहीं किया जायेगा, सभी सामाजिक राजनैतिक, खेल ,मनोरंजन , सांस्कृतिक धार्मिक आयोजन,मेले आदि प्रतिबंधित रहेंगे, सभी पूजा स्थलों में 4 से अधिक व्यक्ति उपस्थित नहीं होगे,जो भी व्यक्ति इन आदेशों को पालन नहीं करेगा उस व्यक्ति के विरूद्व आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 से 60 तक तथा धारा 188 एवं अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी।

## ये रहे उपस्थित

बैठक में पूर्व विधायक दिलीप दुबे,राजा मोर, तहसीलदार राकेश चौरसिया,सीएमओ जयश्री चौहान, नायब तहसीलदार राहुल मेश्राम,विनोद खत्री,मनोज जैन, विनोद गुप्ता, सुनील कनकने,विनोद सेठी, आशीष सरदार, शैलेन्द्र दुबे,प्रवीण कुररिया,बब्लू जैन, अर्जुन पंजाबी, करन चावला, मनीष कारडा,रामजी गुप्ता, अशोक पटेल, प्रकाश जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक ,पत्रकार एवं व्यापारीगण उपस्थित थे ।

# अस्थाई खुली जेल में प्रतिदिन लाए जा रहे कैदियों के द्वारा छायादार , फलदार पौधारोपण



**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा नगर मे कोरोना कर्फ्यू के दौरान वे- वजह,बिना मास्क के घूमने वाले लोगों को पुलिस विभाग द्वारा पटेरिया स्थित बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बनाई गई अस्थाई जेल में रखा जा रहा है।स्कूल की अस्थाई जेल परिसर के बगीचे में इन लोगों से पौधे लगवाकर एक सकारात्मक संदेश दिया जा रहा है स्कूल के पार्क में इन लोगों को बैठाकर शुद्ध आक्सीजन दिलाई जा रही है आस्थायी जेल प्रभारी राजभान दुबे से प्राप्त जानकारी अनुसार कलेक्टर के



निर्देश अनुसार पिछले 30 अप्रैल से गढाकोटा के पटेरिया स्कूल में अस्थाई जेल बनाई गई है,जहाँ छायादार वृक्ष,पानी,टॉयलेट की सुविधा उपलब्ध रहती है,यहां पर प्रतिदिन दर्जनों लोग आते है जिनसे पेड पौधे लगवाकर उन्हें यह समझाइश देते है कि बेबजह,घर से बाहर न निकले।अति आवश्यक काम होने पर पूर्ण सुरक्षा व मास्क लगाकर ही आवागमन करें। यहां इन कैदियों को 3 घँटे तक रखकर फिर तहसीलदार गढाकोटा द्वारा रिहाई मिलने के बाद हिदायत देकर छोड दिया जाता है।

# एलआइसी जबलपुर मंडल कार्यालय में नये वरिष्ठ मंडल प्रबंधक का आगमन



**जबलपुर** ।राजेश कुमार सिंह ने पदोन्नति पर वरिष्ठ मंडल प्रबंधक के रूप में 31.05.2021 को जबलपुर मंडल में पदभार ग्रहण किया है ।उन्होंने अशोक कुमार ठाकुर वरिष्ठ मंडल प्रबंधक जिनका स्थानांतरण दिल्ली क्र.1 में हुआ है के स्थान पर कार्य ग्रहण किया।श्री सिंह इसके पूर्व पटना मंडल कार्यालय1 में विपणन प्रबंधक पद पर कार्यरत थे ।श्री सिंह वर्ष 1993 के प्रथम श्रेणी सीधी भर्ती बैच के अधिकारी है प् श्री सिंह की प्राथमिकता बीमाधारकों को बेहतर सेवा प्रदान करना एवं अधिक से अधिक अभिकर्ताओं की भर्ती कर लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है ।

# पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी पैथोलॉजी लैब का क्षेत्रीय विधायक संजय यादव ने किया लोकार्पण

**शहपुरा।** कोरोना की जड़ से मिटाने का संकल्प लेकर कार्य कर रहे क्षेत्रीय विधायक संजय यादव ने शहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को संपूर्ण खून जांच की मशीनें स्वास्थ्य केंद्र को सौंपी डॉक्टर ने बताया कि अधिकतर बीमारियां का कारण खून में इन्फेक्शन होता है और ग्रामीण क्षेत्र में यह जांच ना होने से जान से हाथ धोना पड़ता है अब इन मशीनों से खून की जांच बहुत ही सुलभ तरीके से संपन्न होगी कार्यक्रम में उपस्थित एसडीएम कलावती व्यारे तहसीलदार गौरव पांडे सीबीएम डॉ राकेश खरे ईश्वर सिंह जोया खान गुंजन भार्गव शिवी सिंह आयुषी सिंह थाना प्रभारी शाहपुरा प्रियंका केवट सूर्य प्रकाश राय नीलेश जैन रामबाबू सिंह पारस जैन प्रमोद शुक्ला नीरव बढकुल मोनू जयसवाल विवेक सिंह नरेंद्र जैन और सभी उपस्थित रहे।





# टीका नही तो व्यापार नहीं क्रांतिकारी निर्णय-पाण्डेय

**अनूपपुर।** लगभग 40 दिन का लाक डाउन पूरा होने के बाद संक्रमण की स्थिति कंट्रोल में दिखने के बाद अनलॉक की प्रक्रिया जिला क्राइसिस समिति की बैठक के उपरांत लिए गए निर्णय व शर्तो के अनुसार प्रारंभ की जाएगी,अनलॉक कहां-कहां लागू होगा किसे किसे छूट मिलेगी व किन शर्तो के साथ छूट मिलेगी व्यापारिक गतिविधियां कहां-कहां संचालित होंगी इन सभी का निर्णय जिला क्राइसिस समिति के बैठक के उपरांत लिया जाना है इस बैठक में जिले के कोरोनान प्रभारी मंत्री व मध्य प्रदेश शासन के खाद नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता संरक्षण मंत्री की अध्यक्षता में यह बैठक आयोजित की गई इस बैठक में माननीय मंत्री जी के द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया की जो भी दुकानदार टीका नहीं लगवाएगा उससे व्यापार करने की छूट नहीं दी जाएगी मतलब वह दुकान नहीं खोल सकता वह सामग्री नहीं बेच सकता यह निर्णय बहुत ही क्रांतिकारी कदम है प्राय- यह देखने में आया है कि सेवा प्रदाता कार्य में जो भी व्यक्ति लगे हुए हैं अगर वह संक्रमित हो गए तो वह एक साथ कई लोगों को संक्रमित कर सकते हैं अगर एक दुकानदार संक्रमित है तो उसके ग्राहकों के संक्रमित होने की संभावना ज्यादा ब? जाती है।

# श्रीमती भूमा रेकवार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त

**गढ़ाकोटा,** मुकेश रेकवार राष्ट्रीय सचिव अखिल भारतीय निषाद माझी महासभा सामाजिक संगठन से प्राप्त जानकारी अनुसार जबलपुर जिले की निवासी श्री मती भूमा रैकवार को अखिल भारतीय निषाद/माझी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धमेन्द्र माझी की अनुशसा पर श्रीमती भूमा रैकवार जबलपुर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किए जाने पर श्री मुकेश रेकवार राष्ट्रीय सचिव,अखिल भारतीय निषाद माझी महासभा सामाजिक संगठन गढ़ाकोटा जिला सागर रैकवार समाज, कुशवाहा समाज गढाकोटा शैलेंद्र कुशवाहा प्रदेशाध्यक्ष अखिल भारतीय कुशवाहा युवा महासभा दमोह पुरुषोत्तम लाल पटेल पत्रकार जनचेतना मंडल संजरा की ओर से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महोदया जी का ह्रदय से धन्यवाद करता है। हम सभी जनमानस ह्रदय से श्रीमती भूमा रैकवार जी के उज्जवल भविष्य की कामना करते है, हम सभी की ओर से हार्दिक बधाइयां शुभकामनाएं आप यू ही प्रगति पथ पर आगे बढती रहे। इस अवसर पर बधाई देने वालों में सुन्नी रैकवार, महेश रैकवार, गोकुल रैकवार, मनोहर रैकवार, सतीश रैकवार, मयंक रैकवार, प्राशंत रैकवार, कमलेश कम्मू रैकवार, संजय रैकवार समस्त रैकवार समाज गढाकोटा साहिब मित्र मंडली गढ़ाकोटा।



# गोसलपुर कोविड सेंटर को सांसद ने भेजी सामग्री



**सिहोरा।** सांसद राकेश सिंह ने कोविड सेंटर गोसलपुर में कोरोना से बचाव हेतु सामग्री केंद्र में सरकार के 7 वर्ष पूर्ण होने पर शासकीय अस्पताल गोसलपुर को एक कार्टून पीपीई किट, हैंड ग्लोब्स, फेस शिल्ड हैंड सैनिटाइजर एवं सैकड़ों की तादात में एन 95 मास्क भेजें । उक्त कार्यक्रम में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिलीप पटेल, पूर्व अध्यक्ष पुष्पराज बघेल, महामंत्री धर्मेंद्र सिंह ,अनिल चौधरी ,जनपद सदस्य मनीष पटेल ,युवा मोर्चा अध्यक्ष आकाश जैन ,महामंत्री अमित परिहार एवं डॉक्टर दीपक गायकवाड ,असगर खान ,इंद्र कुमार उपाध्याय, जायसवाल सिस्टर प्रियंका पांडे एवं स्टाफ नर्स के साथ स्टाफ उपस्थित था।

# बिजली की आंख मिचौली से नगरवासी परेशान

**बघराजी।** वक्त आंधी तूफान के दौर का हो या बेमौसम बारिश का बघराजी में बिजली कटौती की परंपरा बरसों पुरानी है माना कि बिजली की खपत कम करके बिजली बचाना बेहद जरूरी है लेकिन बेवजह अघोषित कटौती कर आम जनता को उमस भरे दिनों में परेशान किया करना कहां का न्याय है।बिजली विभाग और यहां पदस्थ कर्मचारी अक्सर सुर्खियों में रहते हैं कहीं मनमानी कटौती को लेकर तो कहीं मनमानी तारीफों से बिजली बिल धमाने को लेकर भी सुर्ख़ियों में चढ़ने लगे हैं बहरहाल बात बिजली की अघोषित कटौती को लेकर की जा रही है नगर के नागरिक उमस भरी गर्मी में बिजली कटौती और लाचार विद्युत व्यवस्था को लेकर परेशान हैं।भीषण गर्मी में बिजली की आंख मिचौली की समस्या बघराजी के अलावा ग्रामीण अंचलो के लोगों को भी अच्छा खासा परेशान कर रही है प्रतिदिन कई मर्तबा बिजली की अघोषित कटौती किये जाने से लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है शिकायत कर रहे लोगों का कहना है कि तेज धूप व उमस ने सभी को परेशान करके रखा है ऊपर से बिजली की आंख में चोली व अघोषित कटौती इस समय आग में घी डालने



का काम कर रही है ।रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है दिन में आठ से दस बार बिजली गोल होना आम बात हो गई है और रात के वक्त लो वोल्टेज के कारण कूलर व पंखे काम करना बंद कर देते हैं बिजली की इस आंख मिचोली के कारण छोटे-छोटे बच्चों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इस समस्या के समाधान के लिए विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों से जब शिकायत की जाती है तो उनके द्वारा कोई जिम्मेदारी पूर्वक जवाब नहीं दिया जाता ।तथा हमेशा मेंटेनेंस का बहाना बनाकर पल्ला झाड़ा जा रहा है अंततः समाचार पत्रों के माध्यम से नगरवासी बिजली विभाग को चेतावनी दे रहे हैं और साथ ही जल्द व्यवस्थाओं में सुधार लाने की मांग कर रहे हैं इसके अलावा ग्रामीण अंचलों से भी बिजली कटौती की शिकायतें किसानों के माध्यम से मिलती रहती हैं जो निरंतर सरकार को दोषी ठहराते आए हैं ।बिजली कटौती के साथ बिजली बिल में बढ़ोतरी होने से भी लोग सरकार की कार्य नीति से खूब नाराज हैं वर्तमान में कोरोना काल चल रहा है और लॉकडाउन लगाया गया है इसके चलते लोगों की आर्थिक स्थिति भी बेहद कमजोर हो चुकी है इन परिस्थितियों में जिन बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली बिल बकाया रखा था उन्हें और भी ज्यादा तरिके से बिजली बिल थमाया जा रहा।जिसके लिए उन उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ने लगी है वह लगातार इस आशा में डूबे हैं सरकार एक बार परिस्थिति व हालात को समझते हुए बिजली बिल बकायेदारों का बिल माफ करके उन्हें राहत प्रदान करें ताकि गरीब उपभोक्ताओं की इस मांग पर सरकार को जनहित में बिजली बिल माफी को लेकर निर्णय लेना चाहिए ताकि लोगों को आर्थिक मदद में राहत मिल सके ।

# राजेश पटेरियाी ने पुन : रहली जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का पद भार संभाला



**गढ़ाकोटा,** ग्राम पंचायत संजरा सचिव श्री दामोदर लोधी से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड रहली जनपद पंचायत मेंश्री राजेश पटेरिया जी मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जनपद पंचायत रहली का प्रभार कार्यालय पहुंचकर श्री संजय दुबे अध्यक्ष जनपद पंचायत रहली की उपस्थिति में ग्रहण किया, आपके पुनः पद ग्रहण करने पर जन चेतना मंडल सजरा समस्त कुशवाहा समाज, पुरुषोत्तम लाल पटेल, पत्रकार सचिव दामोदर लोधी ग्राम पंचायत सेमरा सोनाली नामदेव पटवारी हल्का सजरा एवं समस्त संजरा ग्रामवासी आपको हार्दिक बधाइयां शुभकामनाएं वंदन अभिनंदन प्रेषित कर है।

# सेवानिर्वत्ति पर दी बिदाई



पनागर/वन परिक्षेत्र कार्यालय पनागर से वनपाल छोटेलाल बर्मन, एवं हरिलाल बर्मन की सेवानिवृत्ति पर बिदाई दी गई जिसमें वन परिक्षेत्र अधिकारी विवेक पटेल, शिवकुमार गर्ग, शैलेश गौतम, सफदर खान, दिलीप गर्ग,दीपक कश्यप, प्रिया मांझी सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

# नगर में 2, ग्रामीण में 16 एक्टिव केस

**किल करोना अभियान में 9574 परिवार के 54414 सदस्यों का हुआ सर्वे**

**सिहोरा।** कोरोना महामारी को जड से समाप्त करने के लिए सरकार प्रदेश में किल कोरोना-4 अभियान का संचालन कर रही है. स्वास्थ्य विभाग के दल डोर टू डोर सर्वे के दौरान सर्दी, खांसी, बुखार या कोरोना के अन्य संभावित लक्षण वाले मरीजों का पता लगाकर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जांच के लिए भेज रहा है, जिससे समय रहते ही पॉजीटिव मरीजों को अलग रखा जा सके. महामारी अधिक न फैले इसलिए सर्वे दल 18 से 45 वर्ष से अधिक उम्र वाले व्यक्तियों के टीकाकरण के बारे में भी जानकारी देकर उन्हें टीकाकरण के लिए प्रेरित कर रहे है।मुख्य नगरपालिका अधिकारी जयश्री चौहान एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आशादेवी पटले की टीम किल कोरोना अभियान-4 का सुचारू संचालन कर रही है किल कोरोना अभियान के 3 चरण पूर्व में पूर्ण किए जा चुके हैं उनका कोरोना रोकथाम में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।



## विकासखंड में 14 एक्टिव केस

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिहोरा आशा देवी पटले से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद में 27 मार्च के बाद एक भी व्यक्ति संक्रमित नहीं हुआ है जनपद पंचायत अंतर्गत 60 पंचायतों मे किल करो ना अभियान अंतर्गत कराए गए सर्वे में 1075 व्यक्ति सर्दी खांसी एवं बुखार से पीड़ित पाए गए थे जिन्हें मेडिकल किट प्रदान कर स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया उल्लेखनीय है कि जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत घुटना मैं 79, ग्राम पंचायत मझगवा में 77, एवं ग्राम पंचायत बुधवा में 75 सर्दी खांसी बुखार के पीडित पाए गए थे। जनपद अंतर्गत रेड जोन नहीं है एवं 320 संक्रमित में केवल 16 एक्टिव केस है।

## नगर में 9574 घरों का सर्वे केवल दो एक्टिव केस

मुख्य नगरपालिका अधिकारी जयश्री चौहान से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिहोरा नगरीय क्षेत्रांतर्गत 1 से 18 वार्डों में किल कोरोना-3 का डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है नगर के 9574 परिवारों के 54414 सदस्यों का सर्वे किया गया जिसमें 1120 व्यक्ति सर्दी एवं बुखार से पीडित पाए गए थे. पीडितों को स्वास्थ्य विभाग एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से मेडिकल किट प्रदान कर लगातार निगरानी कराई गई एवं किल कोरो ना अभियान 04 मे किए गए सर्वे में केवल एक दर्जन व्यक्ति सर्दी खांसी बुखार से पीडित पाए गए जिनकी कांट्रैक्ट हिस्ट्री के आधार पर सर्वे कार्य जारी रहेगा 31 मई को भी 874 परिवार के 4284 सदस्यों का सर्वे किया गया। वर्तमान में नगर में केवल दो लोग कोरोना संक्रमित है एवं दोनों ही होम आइसोलेट हैं जिनको क्वॉरेंटाइन पीरियड एक-दो दिन में समाप्त हो जाएगा।

# कोयला चोरी में बड़े मगरमच्छों को बचाने की तैयारी

**अमलाई।** विगत दिनों सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत संचालित धनपुरी ओसियम खदान के डी सेक्टर से गाड़ी का नंबर प्लेट बदलकर लगभग 32 टन कोयला चोरी का मामला पुलिस ने पकड़ा था, और आनन-फानन में कॉलरी प्रबंधन ने अपने दो बाबुओं को निलंबित भी कर दिया, किंतु मामला यह निकल कर आ रहा है कि यह कोई पहला मामला तो हो नहीं सकता जब कोयला चोरी यहां से हो रहा हो,यह बात अलग है कि इस बार पुलिस ने इसे पकड़ लिया प्रारंभिक जांच में पुलिस ने जो अपनी प्रेस नोट रिलीज की थी उसमें किसी भी कर्मचारी का नाम नहीं था किंतु अगले दिन धनपुरी ओसियम सब एरिया व मैनेजर ने दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया पर यह पूरे प्रकरण को देखने के बाद यह समझ में आता है कि इस पूरे मामले में कुछ और भी कर्मचारी शामिल हो सकते हैं जिन्हें बचाया जा रहा है जब बाबुओं की इसमें सहभागिता है तब टेक्निकल इंस्पेक्टर,फील्ड इंचार्ज मैनेजर,सब एरिया सभी लोग जिन्हें यह पूरी जानकारी थी उन्हें शामिल क्यों नहीं किया गया जबकि टेक्निकल इंस्पेक्टर व फील्ड इंचार्ज पूरे समय लोडिंग क्षेत्र में मौजूद रहते हैं अब एक बात यह निकल कर आती है जब ट्रक को कोयला चोरी में पकड़ा गया तब उसके मालिक के ऊपर भी कार्यवाही की जाती है किंतु जिस लोडर से कोयला को ट्रक में लोड किया गया उसके ऑपरेटर को तो आरोपी बना दिया गया किंतु लोडर के मालिक को आरोपी क्यों नहीं माना गया? अगली बात यह निकल कर आती है कि सुरक्षा गार्ड के जो चेक पोस्ट बनाए जाते हैं जो ट्रकों के आवाजाही पर चेकिंग कर पूर्ण रूप से सहमत होते हैं तब ही जाने देते हैं,वह यहां क्यों नहीं मौजूद था ? इन सभी मामलों को जब देखा जाता है तो कहीं ना कहीं सभी वरिष्ठ कर्मचारियो की संलिप्तता बराबर समझ में आती है अभी तो एक प्रकरण संज्ञान में आया है ऐसे कई गाड़ियां कोयला प्रतिदिन पार हो जाता होगा जिसकी पुलिस प्रशासन को कोई जानकारी नहीं, ये कोयला चोरी करके कितने लोग करोड़पति बन गए यह भी एक जांच का विषय है जिन कर्मचारियों को इस पूरे मामले में आरोपी बनाया गया हैं और जिन कर्मचारियों को बचाया जा रहा है सभी कर्मचारियों की संपत्ति की भी जांच की जानी चाहिए की यह लोग कोयला चोरी में कितनी संपत्ति के मालिक बने बैठे हुए हैं,और देश की इस धरोहर को कौड़ियों के दाम में बेच रहे है और यह चोर बेखौफ रूप से घूम रहे हैं और आगामी काम को अंजाम देने की फिराक में लगे हुए हैं।

# कलर्स डांस दीवाने ने रेट्रो स्पेशल एपिसोड में डांस के स्वर्णिम युग को पुन : जीवंत किया

**एजेंसी।** कलर्स डांस दीवाने मनोरंजन का मतलब जानता है। हर हफ्ते अद्वितीय थीम एवं जबरदस्त प्रदर्शनों के शानदार संगम के साथ यह आज का सबसे चहेता डांस रियलिटी शो है। इस वीकेंड का एपिसोड बॉलिवुड में डांस के स्वर्णिम युग की थीम पर है और प्रतियोगी व मेजबान कॉस्ट्यूम एवं डांस द्वारा रेट्रो युग को जीवंत कर रहे हैं। तीन पीढ़ियां क्लासिक रेट्रो डांस नंबर्स पर परफॉर्म करके आपको 80 और 90 के दशक में ले जाएंगी। और प्रफुल्लित जोड़ी, हर्ष एवं भारती 80 के दशक के स्टाईल में बड़े युगल उद्देश्य स्थापित करते हुए भी दिखाई देंगे। इस एपिसोड में पल्लवी हिट गाने जिमी जिमी पर डांस करेंगी। वो जिमी जिब का इस्तेमाल कर बेहतरीन अभिनवता का प्रदर्शन करेंगी। सोहेल मिनी मिथुन दा बन स्ट्रीट डांसर की धुनों पर नाच करेंगे और जजों का स्टैंडिंग ओवेशन प्राप्त करेंगे। अरुंधति भी 'हाल कैसा है जनाब का' के कामुक रूपांतर से उन्हें विस्मित कर देगी। सूचना 'कोई यहां नाचे नाचे' का लवणी ट्विस्ट देंगी। दूसरी तरफ धर्मेश लिटिल गुंजन स्टाईल में होठों पे ऐसी बात के हिप-हॉप वर्जन से सभी की सराहना प्राप्त करेंगे। चहेती जोड़ी, अमन एवं उनके पिता ने भी स्टेज पर धूम मचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अमन ने पान बनारस वाला पर डांस किया और उसके पिता ने शहंशाह का सूट पहनकर दिलचस्प लतीफे छोड़े। बाद में धर्मेश सर भी उनके साथ शामिल हो गए और उन सभी ने अमिताभ बच्चन के मशहूर गानों पर डांस किया।देखिए डांस दीवाने के इस मनोरंजक एपिसोड में रेट्रो फन एवं उत्साह, शनिवार और रविवार, रात 9 बजे, केवल कलर्स पर



# डॉ विष्णु प्रसाद बृजपुरिया का निधन



**सिहोरा ।** सिहोरा वार्ड नं 6 मझोली बाईपास तिराहा निवासी डॉ. बिष्णु प्रसाद ब्रजपुरिया का 75 साल की उम्र निधन हो गया है वे आकाश बृजपुरिया के पिता थे अंतिम संस्कार आज सुबह 7 बजे गहोई मुक्तिधाम में किया जावेगा ।

# एचडीएफसी बैंक कोविड.19 से राहत के लिए मेडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर स्थापित करेगा

**मुंबई।** परिवर्तन के तहतए एचडीएफसी बैंक ने आज महामारी से लड़ाई में मदद करने के लिए देश में मेडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने व बढ़ाने के लिए अनेक उपायों की घोषणा की। इन उपायों में स्थायी मेडिकल बुनियादी ढांचाए जैसे ऑक्सीजन प्लांटए मेडिकल उपकरणए और आईसीयू सुविधाएं तथा भारत में अस्पतालों को मेडिकल आपूर्ति प्रदान करना शामिल है। बैंक ने कोविड.19 राहत अभियानों के लिए वित्तवर्ष 2021.22 में परिवर्तन के तहत 100 करोड़ रुण् की प्रारंभिक राशि दी है। वित्तवर्ष 2020.21 में बैंक ने परिवर्तन के तहत कोविड.19 से राहत के लिए 120 करोड़ रुण् का योगदान दिया। ऑक्सीजन प्लांट एवं कोविड केयर मेडिकल सुविधाएं स्थापित करने के लिएए बैंक भारत में अस्पतालों की पहचान करने के लिए स्थानीय प्रशासन के साथ काम करेगा। साथ ही बैंक ईसीएसएस ;एजुकेशन क्राईसिस स्कॉलरशिप स्कीम के तहत महामारी से प्रभावित हुए विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप देने की योजना भी बना रहा है और गांवों में लगभग 1.5 लाख लोगों को मासिक राशन दे रहा है।



एचडीएफसी बैंक में ग्रुप हेड. सीएसआरए बिज़नेस फाईनेंस एवं स्ट्रेट्जी एडमिनिस्ट्रेशन एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर मिस आशिमा भट्ट ने कहाए ष्एचडीएफसी का मानना है कि महामारी से लड़ने के लिए समाज व संगठनों को एकजुट होना पड़ेगा।उन्होंने कहाए हमारे प्रयास समाज के लिए हमारी प्रतिबद्धता के अंग हैं। हम परिवर्तन के तहत दीर्घकालिक सतत इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करने में यकीन रखते हैं और इस सिद्धांत से कोविड.19 से लड़ने में मदद करने के अभियान उत्पन्न हुए। हम अपने एनजीओ पार्टनर्स एवं स्थानीय प्रशासन के साथ काम कर रहे हैं ताकि ऑक्सीजन प्लांटए मेडिकल उपकरण एवं कोविड केयर सुविधाओं जैसे आवश्यक मेडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास किया जा सके। भविष्य में हम खासकर कोविड.19 से प्रभावित हुए परिवारों की शिक्षा एवं आजीविका जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर केंद्रित होंगे तथा ऐसे अन्य दीर्घकालिक सतत अभियानों पर काम करेंगे।

**सूचना**

यशभारत समाचार पत्र में प्रकाशित हाने वाले विविध विज्ञापनों के लेखों की जांच पड़ताल करने के बाद ही पाठक इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करें, विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, उनकी जवाबदारी, यशभारत समाचार पत्र नहीं देता, विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्ति अगर विज्ञापनदाताओं द्वारा नहीं की जाती है तो उसके परिणाम के लिए यशभारत समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं रहेगा।

# मल्लिका शेरावत ने अपने लॉस एंजलिस स्थित विला की झलक दिखाई



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत फिल्म इंडस्ट्री में अपनी बोल्डनेस के चलते काफी चर्चा में रही हैं। फिल्मों में मल्लिका के बोल्ड सीन्स ने उनके फैंस को हमेशा ही उनका दीवाना बनाया है। मल्लिका ने अनपे करियर में कई फिल्मों में काम किया। वहीं कुछ समय से फिल्मों से दूर हैं और अमेरिका में वक्त बिता रही हैं। इन दिनों मल्लिका सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वह अपनी खूबसूरत तस्वीरें और वीडियो फैंस के बीच पोस्ट करती नजर आ रही हैं। इसी बीच अब एक्ट्रेस ने अपने लॉस एंजलिस स्थित विला की झलक दिखाई है, जिसका वीडियो सोशलि मीडिया पर जबरदस्त वायरल हो रहा है। मल्लिका शेरावत ने अपने इंसटाग्राम अकाउंट पर लॉस एंजलिस से एक वीडियो शेयर किया हैं। इस वीडियो में वह अपने लॉस एंजलिस स्थित विला में नजर आ रही हैं। उनके इस घर की झलक वीडियो में साफ देखी जा सकती है। वीडियो में आप देख सकते हैं कि मल्लिका अपने डॉगी से खेलते हुए दिखती हैं। इसके बाद वो पूल के पास बैठकर एंजॉय करती नजर आ रही हैं। वीडियो की शुरुआत में वो अपने ब्लू फ्रेंच दरवाजे से बाहर आती हैं। बाहर उनका डॉगी खेल रहा होता है। आप देख सकते हैं कि जब वह बाहर निकलती हैं कि तो अपने डॉगी से बातें करती हैं और बड़े से गार्डन से चलते हुए स्विमिंग पूल के पास जाकर बैठ जाती हैं। इसके बाद वह अपने पैरों से पानी के छीटें मारती हैं। इस वीडियो से साफ पता चल रहा है कि मल्लिका उनका ये घर कितना आलिशान है। मल्लिका शेरावत के वर्कफ्रंट की बात करें तो 'मर्डर', ख्वाहिश, डर्टी पॉलिटिक्स, 'वेलकम', 'प्यार के साइड इफेक्ट्स' और 'हिस्स' सहित उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है।



# करन मेहरा को मिली बेल




'ये रिश्ता क्या कहलाता है' फेम एक्टर करन मेहरा और उनकी पत्नी निशा रावल के रिश्ते में चल रही अनबन की खबरों ने एक अलग ही मोड़ ले लिया है। करन मेहरा को पत्नी से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है।

**नई दिल्ली।** पत्नी निशा रावल से मारपीट करने के आरोप में मुंबई पुलिस द्वारा अरेस्ट हुए 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' फेम एक्टर करन मेहरा को बेल मिल गई है। न्यूज एजेंसी एएनआई पर इस बात की जनकारी दी गई है। करन मेहरा को पत्नी से मारपीट करने के आरोप में मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जानकारी के मुताबिक निशा ने करन के खिलाफ मुंबई के गोरेगांव में केस दर्ज करवाया है जिसके आधार पर पुलिस ने करन को गिरफ्तार किया था। वहीं स्पॉटब्वॉय की खबर की मानें तो करन और निशा के बीच कल रात (31 मई) को किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ जिसके बाद एक्टर ने गुस्से में पत्नी को इतना मारा कि उनके माथे पर टांके आए हैं। निशा ने करन के खिलाफ घरेलू हिंसा का केस दर्ज करवाया है। आपको बता दें कि करण मेहरा और निशा रावल को टीवी इंडस्ट्री का सबसे कूल एंड लवली कपल माना जाता है। दोनों के बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग देखी जाती है फिर चाहें वो ऑनस्क्रीन हो या ऑफस्क्रीन। लेकिन हाल ही में खबरें आईं कि करण और निशा की शादीशुदा लाइफ में खटपट शुरू हो गई हैं। दोनों ने इन खबरों पर अब तक खुलकर बात नहीं की थी, लेकिन अब ये मामला खुलकर सामने आ गया है। हाल ही में हिन्दुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में करन ने कहा था, %%आप सोचिए मेरी तबीयत ठीक नहीं है, और विलाप के बीच में मुझे अपने आप को तैयार करते हुए मीडिया से बात करनी पड़ रही है। मैं कुछ करने की हालत में नहीं था लेकिन चीजें ठीक भी करनी थीं। कोविड के इस पूरे समय में निशा मेरा ध्यान रख रही थी।% आपको बता दें कि निशा और करन की शादी को 8 साल पूरे हो चुके हैं।

# वापस नहीं आएंगे विशाल ददलानी



'इंडियन आइडल 12' के ऑडिशन से लेकर शुरुआती कुछ एपिसोड तक में बतौर जज नज़र आने वाले म्यूज़िक डायरेक्टर विशाल ददलानी अब सीज़न में कमबैक नहीं करेंगे। सीज़न की शुरुआत में शो को विशाल ददलानी हिमेश रशिमया और नेहा कक्कड़ जज कर रहे थे।

**नई दिल्ली।** सिंगिंग रिएलिटी शो 'इंडियन आइडल 12' के ऑडिशन से लेकर शुरुआती कुछ एपिसोड तक में बतौर जज नज़र आने वाले म्यूज़िक डायरेक्टर विशाल ददलानी अब सीज़न में कमबैक नहीं करेंगे। सीज़न की शुरुआत में शो को विशाल ददलानी, हिमेश रश्मिया और नेहा कक्कड़ जज कर रहे थे। लेकिन जब महाराष्ट्र में कोविड के बढ़ते केसेज़ के चलते लॉकडाउन लगा तो 'इंडियन आइडल' की शूटिंग को कुछ दिन के लिए दमन शिफ्ट कर दिया गया और जाने से नेहा, विशाल औ हिमेश तीनों ने मना कर दिया। जिसके बाद से अनु मलिक और मनोज मुंतशिर शो को जज करते नज़र आ रहे हैं।बीच में एक एपिसोड मे नेहा और हिमेश नज़र आए थे, लेकिन विशाल की शो में अब तक वापसी नहीं हुई है और ईटाइम्स की खबर की मानें तो इस सीज़न में उनकी वापसी होगी भी नहीं। विशाल ने वेबसाइट से बातचीत में इस सीज़न में वापस आन से साफ इनकार कर दिया है। म्यूज़िक डायरेक्टर ने कहा है, 'जब तक ये क्वासी लॉकडाउन चलेगा तब तक नहीं'।

### विशाल ने बताई थी दमन न जाने की वजह..

शो से अचानक गायब हो जाने के बाद जब फैंस को विशाल कि चिंता सताने लगी थी तब सिंगर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर बताया था कि वो पूरी तरह ठीक हैं और क्यों दमन जाने को राज़ी नहीं हुए। विशाल ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की थी जिसमें वो अपनी बॉडी दिखाते नज़र आ रहे थे। इस फोटो के साथ म्यूज़िक डायरेक्टर ने बताया था कि वो ठीक हैं और आईसोलेट हैं। लेकिन वो अपने माता-पिता के साथ रहते है ऐसे में कहीं और जाकर शूटिंग करना और वहां से वापस आना उनके लिए रिस्की हो सकता है, इसलिए वो 'इंडियन आइडल' की शूटिंग के लिए दमन नहीं गए हैं। शॉर्ट मे जानें सभी बड़ी खबरें और पायें ई-पेपर, ऑडियो न्यूज़, और अन्य सर्विस, डाउनलोड जागरण ऐप

# गोपी बहू ने दिखाया अपना बोल्ड अवतार

# लोगों ने उड़ाया मजाक



देवोलीना अक्सर अपनी हॉट एंड बोल्ड वीडियो और तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। इसी बीच अब देवोलीना का एक बोल्ड वीडियो इंटरनेट पर फैंस को दीवाना बना रहा है। इस वीडियो को देखकर जहां एक ओर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल साथ निभाना साथियामें गोपी बहू के किरदार से घर-घर में अपनी पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी सोशल मीडिया पर जबरदस्त एक्टिव रहती हैं। देवोलीना अक्सर अपनी हॉट एंड बोल्ड वीडियो और तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। इसी बीच अब देवोलीना का एक बोल्ड वीडियो इंटरनेट पर फैंस को दीवाना बना रहा है। इस वीडियो को देखकर जहां एक ओर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। वहीं इस दौरान यूसर्ज को देवोलीना के इस वीडियो में कुछ ऐसा दिखा जिसे देखकर लोग एक्ट्रेस का मजाज उड़ा रहे हैं।देवोलीना भट्टाचार्जी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर खुद का एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में वह एक बार फिर अपनी अदाओं का जलवा बिखेरती नजर आ रही हैं। उनकी खूबसूरती और ग्लैमरस देख उनके फैंस उनपर फिदा होते नजर आ रहे हैं। वीडियो में आप देख सकते हैं कि देवोलीना न्यूज पेपर के ऊपर लेट कर हॉट पोज देती दिख रही हैं। इस दौरान उन्होंने ऑलिव ग्रीन ट्राउजर के साथ ब्लैक क्रॉप टॉप पहना हुआ है। वहीं इस टॉप के ऊपर उन्होंने चेक शर्ट कैरी की है। इस दौरान वह बोल्ड दिखने के साथ-साथ सुंदर भी लग रही हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए देवोलीना ने कैप्शन में लिखा, बीहाइंड द सीन। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। इस पर फैंस फायर, हॉर्ट और फ्लावर इमोजी के साथ अमेजिंग, गॉर्जियस, हॉटी, प्रिटी, जैसे कमेंट कर एक्ट्रेस की जमकर तारीफ कर रहे हैं। लेकिन वहीं इस वीडियो में आप ध्यान से देखेंगे तो आपको देवोलीना के साइड में एक कांच की खिड़की नजर आएगी, जिसपर लाल रंग के कपड़े या प्लास्टिक से कुछ डिजाइन किया हुआ है। खिड़की पर बना डिजाइन टूटे हुए शिशे की तरह लग रहा है। जिसे लेकर उनके फैंस थोड़ा कंफ्यूजन में हैं। इसलिए कुछ फैंस अजीबो-गरीब कॉमेंट करते हुए लिख रहे हैं, पीछे ग्लास टूटा हुआ है।

# 'द फैमिली मैन 2' पर गूंजेगी 'शेरनी' की दहाड



**नई दिल्ली।** 4 जून के इंतज़ार में बैठे 'दे फैमिली मैन 2' के दीवानों को इस महीने में अमेज़न प्राइम वीडियो पर 'शेरनी' की दहाड़ भी सुनाई देगी। हाल ही में अमेज़न प्राइम वीडियो ने विद्या बालन की अपकमिंग फिल्म 'शेरनी' को लेकर ये अनआउंस किया था कि इसे जून में रिलीज़ किया जाएगा। हालांकि डेट अभी अनाउंस नहीं हुई हैं। लेकिन मेकर्स की तरफ से आज इसका पहला टीज़र जारी कर दिया गया है। टीज़र के साथ ही ये भी बता दिया गया है कि ट्रेलर अगले दो दिन बाद यानी 2 जून को रिलीज़ किया जाएगा।30 सेकेंड के इस टीज़र में विद्या बालन की एक झलक दिखाई गई है जिसमें वो दो पुलिसवालों के साथ एक जंगल में राउंड लगाती हुई नज़र आ रही हैं। वीडियो में विद्या का एक वॉइस ओवर भी सुनाई दे रहा है जिसमें वो कह रही हैं, 'जंगल कितन भी घना क्यों न हो, शेरनी अपना रास्ता ढूंढ ही लेती है'। इसके साथ की टीज़र के अंत में ये दिखाया गया कि इसका ट्रेलर 2 जून को रिलीज़ होगा।शेरनी का निर्देशन अमित मासुरकर ने किया है। फ़िल्म में विद्या के साथ शरद सक्सेना, मुकुल चड्ढा, विजय राज, इला अरुण, ब्रजेंद्र काला और नीरज काबी जैसे बेहतरीन कलाकार प्रमुख किरदार निभाते हुए नज़र आएंगे। विद्या फ़िल्म में एक वन्य अधिकारी के किरदार में हैं। शेरनी की शूटिंग इंसान और जानवरों के बीच अस्तित्व के संघर्ष पर आधारित है। इसकी शूटिंग मध्य प्रदेश के जंगलों में हुई है।

# कड़े शब्दों में किया पलटवार...





इस गाने को भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री के सिंगर नीलकमल सिंह ने गाया है। इस गाने में अक्षरा और पवन सिंह के नाम को जोड़ते हुए कुछ अपशब्द कहे गए हैं। हालांकि इस गाने के वायरल होने के बाद ऐक्ट्रेस ने नीलकमल सिंह को मुंहतोड़ जवाब दिया है।

**नई दिल्ली।** भोजपुरी इंडस्ट्री की जानी मानी एक्ट्रेस और सिंगर अक्षरा सिंह और सुपरस्टार पवन सिंह काफी चर्चा में हैं। दोनों ही स्टार्स का नाम जोड़कर एक अश्लील गाना इन दिनों काफी वायरल हो रहा है। इस गाने को भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री के सिंगर नीलकमल सिंह ने गाया है। इस गाने में अक्षरा और पवन सिंह के नाम को जोड़ते हुए कुछ अपशब्द कहे गए हैं। हालांकि, इस गाने के वायरल होने के बाद ऐक्ट्रेस ने नीलकमल सिंह को मुंहतोड़ जवाब दिया है। एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने अपने फेसबुक पोस्ट में नीलकमल सिंह के गाने का लिंक शेयर किया। इसे शेयर करते हुए उन्होंने नीलकमल को कड़े शब्दों में पलटवार किया है। अक्षरा सिंह ने अपने पोस्ट में लिखा है, नीलकमल आपका बहुत बहुत धन्यवाद जो ऐसे शब्दों का प्रयोग किया मेरे व मां, बहन, बेटी, नारी शक्ति के लिए आपके दिल से जो सम्मान निकला उसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करती हूं और समस्त भोजपुरिया समाज का जो मान सम्मान बढ़ाया है उसके लिए भी आपके चरणों में पुष्प अर्पित करना चाहती हूं। ईश्वर करे आप ऐसे गाने गा गाकर आपने जो मुक़ाम हासिल किया है मां सरस्वती उसमे और बढ़ोतरी प्रदान करें। अक्षरा सिंह ने आगे लिखा, वैसे आपको बता दूं आपकी जानकारी के लिए कि जिस शब्द का आपने प्रयोग किया है वही मां काली की शक्ति है वही सुप्रीम पावर है। दिल से आपको आभार। बता दें कि अक्षरा सिंह का से पोस्ट पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस पोस्ट पर यूजर्स लगातार अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। आपको बात दें कि एक वक्त पवन सिंह और अक्षरा सिंह की जोड़ी भोजपुरी सिनेमा में हिट जोड़ी मानी जाती थी। दोनों ने एक साथ कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। लेकिन बाद में दोनों के बीच हुए कुछ विवाद के चलते उनके बीच काफी कड़वाहट आ गई और दोनों ने एक साथ पर्दे पर काम करना बंद कर दिया। वहीं अब नीलकमल का ये गाना दोनों के बीच के विवाद को फिर से हवा देने की कोशिश कर रहा है।


सड़कों पर भीड़


दुकानों में ताले


आक्रोशित व्यापारी, समझाइश देते अधिकारी

# फुहारा में दुकानें खोलने व्यापारी लामबंद

**जबलपुर,यशभारत। आज एक जून से कोरोना संक्रमण की पुरानी गाइड लाइन के अनुसार जबलपुर अनलॉक हो गया है। लेकिन अनलॉक के पहले ही दिन व्यापारी क्षेत्र फुहारा-सराफा और निवाड़गंज में विवाद की स्थिति बन गई। इसकी जानकारी जब पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी और विधायक विनय सक्सेना को लगी तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर व्यापारियों को समझाइश दी इसके बाद मामला शांत हुआ। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने स्पष्ट किया कि आदेश में जिन दुकानों का जिक्र है वहीं खुलेंगी।**

दरअसल बड़ा फुहारा सहित अन्य क्षेत्रों के व्यापारियों का कहना था कि बीते तीन माह से कोरोना संक्रमण गाइड लाइन का पालन कर रहे हैं। सभी व्यापारी अपनी-अपनी दुकानें बंद कर कोरोना संक्रमण को कम करने में अपना योगदान दे रहे हैं। परंतु प्रशासन का भी फर्ज बनता है कि वह व्यापारियों के हित में सोचे। व्यापारियों का कहना था कि जब इंदौर भोपाल सहित अन्य जिलों में व्यापारिक प्रतिष्ठान खुल चुकें हैं तो फिर जबलपुर में क्यों प्रतिबंध लगाया गया जबकि जबलपुर में इन जिलों से कोरोना संक्रमण पॉजीटिव रेट बहुत कम है। जिला क्राइसिस मैनेजमेंट ने अभी एक सप्ताह के लिए आंशिक छूट और गली-मोहल्ले और रोजगार से जुड़े दुकानों को ही खोलने की अनुमति दी है। कपड़े, गल्ला मंडी की राशन दुकानें, सरार्फा,

## कलेक्टर ने कहा, आदेश में जिन दुकानों का जिक्र वहीं खुलेंगी

बर्तन, माल, सघन बाजार क्षेत्र, कॉप्लेक्स को बंद रखने का फैसला लिया है। बावजूद मंगलवार को सुबह ही निवाड़गंज की गल्ला मंडी और 10 बजे बड़ा फुहारा क्षेत्र के कपड़े की दुकानें खुल गईं। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर व्यापारियों से दुकान बंद करने का आदेश सुनाया। इस पर व्यापारी भड़क गए। दुकानें न खोलने देने पर हंगामा मचा गया। बड़ा फुहारे पर करीब 25 व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अनलॉक होने के बाद भी दुकानें न खोलने देने का मुखर विरोध किया। उनका कहना था कि जब सभी क्षेत्रों में बाजार खोल दिए गए हैं तो कोतवाली और लार्डगंज क्षेत्र में क्यों 7 जून तक दुकानें बंद रखी गईं। जबकि यहां मुख्य व्यापार होता है। हमें भी दुकानें खोलने दिया जाए है। हम कोविड नियमों का पालन खुद करेंगे और ग्राहकों को भी कराएंगे। वहां मौजूद एसडीएम रिषभ जैन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने उनसे कहा कि वे उनकी मांग को कलेक्टर तक पहुंचा देंगे और इस पर जो निर्णय होगा उससे शाम तक आप लोगों को अवगत करा दिया जाएगा।



### कपड़ा व्यापारियों ने किया विरोध

कपड़ा व्यापारियों का कहना था कि पिछले लगभग 50 दिन से कपड़ा व्यापार बंद होने से व्यापारियों की आर्थिक स्तिथि गंभीर अवस्था में पहुंच गई है। स्टाफ की सैलरी, दुकान किराया और बैंक लोन किश्त, बिजली बिल व अन्य खर्चे जारी है। व्यापारी वर्ग को सरकार से उम्मीद थी कि कप?ा व्यापारी को अनलॉक में छूट मिलेगी, क्योंकि शादियों का सीजन काफी कम समय का बचा है। दुकानों में माल भी काफी भरा हुआ है, जिनके घरों में शादियां है वह ग्राहक भी परेशान रहेगा। उल्लेखनीय है कि अनाज,किराना और मिठाई की दुकानों से होम डिलेवरी की जा सकेगी। इसके अलावा गली मोहल्लों में एकल प्रणाली के तहत किराना, अनाज, रिपेयरिंग शाप खोल दिए गए हैं। जिले की सभी देशी-विदेशी मदिरा तथा भांग एवं भांग घोटा की दुकानें रोज सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक खुली रह सकेंगीं। इस अवधि में भी मदिरा दुकानों से संलग्न अहातों, होटल बार, क्लब बार और रेस्तरां बार का संचालन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। कोरोना कर्फ्यू में दी गई छूटों के मद्देनजर आदेश जारी ।मोबाइल, आटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स दुकानें खुलने से व्यापारी व लोगों ने राहत की सांस ली।व्यापारियों अपने-अपने प्रतिष्ठानों को खोल साफ-सफाई की। पूजन पाठ कर सामान बिक्री का श्रीगणेश किया। व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठानों के सामने डिस्टेंस बनाकर गोले बनाएं व रस्सी बांध दी। ।

### यह रखें ध्यान व्यापारी जिनको छूट मिली

घर से निकलने के बाद शासन के नियमों का पालन करें।
दो गज की दूरी रखें और मास्क जरूर लगाएं।
पुलिस या शासकीय कर्मचारी अधिकारी के पूछताछ करने पर वाहन रोके और अपना आई कार्ड जरूर दिखाएं।
कलेक्टर गाइड लाइन के अनुसार ही अपनी दुकान खोलें।
एक जगह पर 6 लोग से ज्यादा लोग जमा न हों।
नियमों का पालन नहीं करने पर जुमार्ना देना होगा।**फोटो- अशोक बर्मन**



# जूडा ने बंद की कोविड ड्यूटी भी

**जबलपुर, यशभारत।** नेताजी सुभाषचंद्रबोस मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल के कारण जहां अस्पताल की ओपीडी व आपातकालीन सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित हुई। वहीं मंगलवार से वे कोविड वार्ड में भी ड्यूटी नहीं कर रहे हैं जिससे स्थिति खराब हो गई है। उल्लेख्रनीय है कि जूनियर



डॉक्टरों ने सोमवार से हर 6 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए। जूनियर डॉक्टरों ने इमरजेंसी, आईपीडी, ओपीडी, वार्ड ड्यूटी बंद कर दी थी। इससे मरीज परेशान हुए। अब मांगों को अनदेखा किए जाने के बाद आज से उन्होंने कोविड ड्यूटी भी बंद कर दी है। बीते महीने की 6 मई को जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने 6 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल की थी। चिकित्सा शिक्षा मंत्री, एसीएस हेल्थ, मेडिकल एजुकेशन कमिश्नर और सभी डीन ने सर्वसम्मति से मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था। बावजूद सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया। मेडिकल अस्पताल में 90 जूडा ओपीडी व अपातकालीन में व 160 जूडा की कोविड वॉर्ड में सेवाएं दे रहे हैं। पर आज से सभी ने काम बंद कर दिया है। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. पंकज सिंह ने बताया कि प्रदेश स्तर पर एसोसिएशन ने शासन के समक्ष छह मई को छह सूत्रीय मांगें रखी थीं। साथ ही चेतावनी दी गई थी कि मांगें पूरी न होने पर प्रदेश भर के जूनियर डॉक्टर हड़ताल पर चले जाएंगे। सरकार के आश्वासन के बाद हड़ताल का निर्णय वापस ले लिया गया था। सरकार ने मांगों को पूरा न करते हुए वादाखिलाफी की जिससे आहत जूनियर डॉक्टरों को हड़ताल पर जाने का निर्णय लेना पड़ा। जूनियर डॉक्टरों ने कहा कि मांगों को पूरा न कर सरकार ने वादाखिलाफी की है। आज जूनियर डॉक्टरों ने समस्त सेवाएं बंद कर

### ओपीडी व आपातकालीन सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित

दी हैं। इधर, हड़ताल के मद्देनजर मेडिकल में पुलिस बल तैनात रहा। बताया जाता है कि हड़ताल में एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ. प्रदीप पटैल, सचिव मयूर खाबड़े समेत 450 से ज्यादा जूनियर डॉक्टर शामिल रहे। जूडा की हड़ताल से मेडिकल में आकस्मिक स्वास्थ्य तथा वार्ड की सेवाएं प्रभावित हुईं। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने सोमवार को मेडिकल कॉलेज डीन डॉ प्रदीप कसार को सुबह 11 बजे 6 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिसमें जूडा ने वर्तमान में मिल रहे प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के मानदेय क्रमशः 55 हजार, 57 हजार और 59 हजार में 24 फीसदी की बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा हर साल इसमें छह फीसदी का इंक्रीमेंट की मांग की है। साथ ही कोरोना की ड्यूटी को अनिवार्य, ग्रामीण सेवा बांड के तहत ड्यूटी करने की भी वह मांग कर रहे हैं। उधर चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग का कहना है कि कोरोना संक्रमण के काल में हड़ताल करना ठीक नहीं है। पीड़ितों को डॉक्टर्स की जरूरत है। जूनियर डॉक्टरों की चार मांगें मानी गई हैं। स्टाइपेंड बढ़ाने की प्रक्रिया भी जारी है। जूनियर डॉक्टर्स हठ धर्मिता कर रहे हैं। **फोटो- बबलू**

## गेहूं उपार्जन में ट्रांसपोर्टर की मनमानी

# एफसीआई की गोदाम ही छोड़ दी खाली

### भंडारण की प्राथमिकता में इस गोदाम का सबसे पहले होता है नाम, उपार्जन बंद होने के बाद भी नहीं भेजा गया हूं।

**जबलपुर यश भारत। जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन लगभग पूर्ण हो चुका है और 97प्रतिशत से अधिक गेहूं अलग-अलग गोदाम, साइलो बैग और ओपन कैप में जमा कराया जा चुका है। लेकिन इसके बाद भी जो गोदाम भंडारण के लिए सबसे पहले भरी जाना थी वह गोदाम अभी तक खाली रह गई है। जानकारी के मुताबिक फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की रामपुर स्थित गोदाम में ट्रांसपोर्टर द्वारा गेंहू भेजा ही नही गया। जिसके चलते वहां भंडारण अभी तक तो नहीं हो पाया है। जबकि यह गोदाम प्रायोरिटी लिस्ट के हिसाब से सबसे पहले भरी जाना थी। जिस कारण नागरिक आपूर्ति निगम का करोड़ों का भुगतान एफसीआई द्वारा रोका जा सकता है।**

### यह है जिम्मेदार

इस पूरी लापरवाही के लिए विपणन संघ द्वारा अनुबंधित ट्रांसपोर्टर जिम्मेदार हैं इनका दायित्व था कि वे सबसे पहले एफसीआई की गोदाम भरे उसके बाद दूसरी गोदामों में गेहूं लेकर जाय। जानकारी के मुताबिक विपणन संघ द्वारा तीन ट्रांसपोर्ट फर्म रितेश रोडवेज , पंकजम रोडवेज, रितेश तिवारी रोडवेज नाम की तीन फर्मों को परिवहन का काम दिया गया था जिनके पास अलग-अलग सेक्टर से पहले एफसीआई की गोदाम भरना थी। लेकिन वह अपनी मनमर्जी से उनको गोदामों को भरते रहे जहां उनका फायदा था जिसके चलते इतनी बड़ी लापरवाही हुई है।

### अब गोदामों से उठा रहे गेंहू

इस पूरे मामले में सबसे बड़ा गोलमाल तो यह है कि पहले ट्रांसपोर्टर द्वारा परिवहन करके निजी गोदामों में गेहूं रखा जिसका भुगतान वे शासन से प्राप्त करेंगे। अब उसके बाद उन्हीं गोदामों से गेहूं उठाकर स्व्रष्टद्ब की गोदाम में ले जा रहे हैं। जिसका पैसा अलग से प्राप्त करेंगे। ऐसे में सवाल उठता है कि इतनी बड़ी लापरवाही होती रही और जिम्मेदारों ने कोई कार्यवाही नहीं की। इसके साथ ही जिन गोदामों में पूर्व में परिवहन करके गेंहू लाया गया था उनकी भी मैपिंग दूसरी जगह थी। जिसे ट्रांसपोर्टर द्वारा अपनी सुविधा के अनुसार भर दिया गया जिसको लेकर जल्द ही एक बड़ा खुलासा होगा।

**इस सेक्टर के यह है ट्रांसपोर्ट**

| | |
|---|---|
| पाटन - | पंकजम ट्रांसपोर्ट |
| सिहोरा, मझोली - | रितेश रोडवेज |
| जबलपुर, पनागर- | रितेश तिवारी |

**फैक्ट फाइल**

उपार्जन प्रारंभ 5 अप्रेल
उपार्जन समाप्त 31 मई
कुल उपार्जन 5 लाख 26 हजार मेट्रिक टन
परिवहन एवं भंडारण 5 लाख 10 हजार मेट्रिक टन
**नोट-7500 मेट्रिक टन की गोदाम नहीं भर पाए ट्रांसपोर्ट**

**गोदाम भंडारण की प्राथमिकता सूची**

1 एफसीआई के गोदाम, साइलो बैग, रैक पॉइंट, ओपन कैप आदी।
2 शासकीय /अर्ध शासकीय गोदाम, सायलो बैग आदी।
3 एमपीडब्ल्यूएलसी की संयुक्त भागीदारी की गोदाम
4 किराए के गोदाम व कलेक्टर द्वारा अधिकृत किए गए गोदाम
5 मंडी सेड एवं पक्के कैप
6 अस्थाई कच्चे कैप

रामपुर स्थित हमारी गोदाम में गेहूं का भंडारण पूर्ण नहीं हुआ है। जबकि प्राथमिकता से भरी जाना चाहिए थी ।इसको लेकर पूर्व में भी कई बार नागरिक आपूर्ति निगम को सूचित किया गया था यदि गोदाम नहीं भरी जाती है तो निगम का भुगतान काट लिया जाएगा

**संजय डेबिट**
**जिला प्रबंधक कमर्शियल**
**फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया जबलपुर**

जिले में गेहूं का उपार्जन विपणन संघ के द्वारा किया जाता है जिसको पूर्व में कई बार एफसीआई की की गोदाम भरने के लिए कहा गया था। क्योंकि उसकी प्राथमिकता सबसे पहले होती है लेकिन विपणन संघ के ट्रांसपोर्टरों द्वारा गोदाम नहीं भरा गया जिस पर उचित कार्यवाही होनी चाहिए।

**अरविंद जैन**
**जिला प्रबंधक**
**नागरिक आपूर्ति निगम जबलपुर**

परिवहन कर्ता द्वारा एफसीआई की रामपुर स्थित गोदाम को भरा जा रहा है। उसके भरने में जो देरी हुई है उसके कारणों का पता लगाकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ उचित कार्यवाही होगी।

**रोहित बघेल**
**जिला प्रबंधक**
**विपणन संघ जबलपुर**



## शिवेन्द्र खम्परिया लेखा अधिकारी बने

**जबलपुर।** पीएफऑफिस के अनुभाग प्रभारी शिवेन्द्र खम्परिया का लेखा अधिकारी पद पर प्रमोशन हो गया है। श्री खम्परिया ने क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल में कल 31 मई को कार्यग्रहण किया।

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Pure & Tasty AK'S Special Jabalpur
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना मुरमुरा बोल्ड चना केला चिप्स बोल्ड पीनट मसाला चना ड्राय मेल चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
ब्रांच-अशोक कुमार, अजित कुमार पुराना लेबर कोर्ट, नर्मदा रोड, गोरखपुर, जबलपुर

## खाली ट्राली से टकराया बाइक सवार ,मौत

जबलपुर यश भारत। बीती रात पनागर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक बाइक सवार मार्ग पर खड़ी ट्राली से टकरा गया । गंभीर रूप से चोट आने के कारण दुर्घटना स्थल पर उसकी मौत हो गई । दुर्घटना की सूचना जैसे ही राहगीरों को लगी तो उनके द्वारा इसकी सूचना पुलिस एवं 108 एंबुलेंस को दी गई। पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए दुर्घटना की पड़ताल शुरू कर दी है। बीती रात हुई इस दुर्घटना के संबंध में पनागर थाना प्रभारी आर के सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बड़खेडा बड़खेडी निवासी 26 वर्षीय ओमकार चौधरी पिता रमेश चौधरी बाइक में सवार होकर बघोडा गांव गया हुआ था रात को जब वह वहां से वापस अपने घर लौट रहा था इसी दौरान पिपरिया गांव के पास रोड पर खाली एक ट्राली से वह जा टकराया इस दुर्घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने मर्ग कायम कर दुर्घटना को विवेचना में लिया है।



ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ।। जय बाबा मसान ।। ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति
"आपका साथी" एवं सम्पूर्ण समाधान मृत्यु उपरांत
अग्रवाल पूजन सामग्री
एवं पूजन, पंडित व्यवस्था प्रतिष्ठान
दाह संस्कार से संबंधित सम्पूर्ण सामग्री आपके बताये पते पर भेज दी जावेगी एवं दूकान से भी प्राप्त कर सकते है।
9111712445, 8871253911 9111712445,7999526101
दाह संस्कार सामग्री लगभग 41 नग | खारी/ तीसरे दिन की पूजन सामग्री लगभग 27 नग | दशगात्र पूजन लगभग 51 नग | बारहवीं, तेरहवीं गंगाजली पूजन लगभग 251 नग | भोजन के लिए 13 ब्राह्मणों एवं गंगाजली पूजन के लिये 1 पंडित की सशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है।
दुकान पता: "आपका साथी" बल्देवबाग पेट्रोल पम्प के पास स्मॉल वण्डर स्कूल के सामने, उखरी रोड, जबलपुर

सुपरस्पेश्यालिटी पेट एवं लिवर रोग क्लीनिक
डॉ. मनीष तिवारी
M.B.B.S., MD, DM Gastroenterology Member of American college of Gastroenterology Consultant Gastroenterologist, Shailby Hospital Super Speciality Gastro & Liver Clinic Jabalpur
उपचार की सुविधायें
■ पेट में लंबे समय से तकलीफ
■ लिवर से संबंधित बीमारियां
■ पेंक्रियाज से संबंधित बीमारियां
■ पाचन से जुड़ी हुई परेशानियां
पता सुपरस्पेश्यालिटी पेट एवं लिवर रोग क्लीनिक उखरी तिराहा, विजयनगर, जबलपुर
परामर्श के लिये संपर्क करें- 8085257585, 0761-4004867

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )